हरिभूमि रायपुर भूमि

## दो टेंडर में कोई नहीं आया, अब तीसरी निविदा जारी करने की तैयारी



**निर्माण पूरा कराने के प्रयास में जुटी सरकार**

तत्कालीन रमन सिंह सरकार ने रायपुर शहर को एक बेहतरीन विकल्प के तौर पर शास्त्री चौक से मेकाहारा के बीच राहगीरों के पैदल आने-जाने के लिए इसका निर्माण करने की बात कही थी। काम की शुरुआत भी 2016-17 के दरम्यान हुई। बाद में सरकार चले जाने के बाद इसका काम नहीं हो पाया। कांग्रेस सरकार ने इसका काम रोक दिया, तब से अधूरा पड़ा है। भाजपा सरकार दोबारा आने पर इसका निर्माण पूरा कराने पर सहमति बनी है।

# स्कॉई वाक कबाड़ हुआ, इसलिए कम लागत पर निर्माण के लिए आगे नहीं आ रही एजेंसी, दो दफा टेंडर फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पीडब्ल्यूडी का राजधानी के शास्त्री चौक पर स्काईवॉक निर्माण एजेंसी चयन नहीं होने के कारण शुरू नहीं हो पाया है। निर्माण एजेंसी तय करने के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से दो बार निविदा बुलाई जा चुकी है। दोनों बार किसी भी निविदाकार ने इसमें रुचि नहीं दिखाई। निर्माण एजेंसी चपन के लिए अब तीसरी बार टेंडर बुलाने की तैयारी चल रही है। उल्लेखनीय है कि पुराने ठेकेदार जीएस एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड को लोक निर्माण के टर्मिनेट ⏭ शेष पेज 13 पर



### शेष काम के लिए टेंडर

स्काईवॉक निर्माण के लिए साल 2017 में निविदा बुलाई गई। निविदा में मेसर्स जीएस एक्सप्रेस लखनऊ को 42.55 करोड़ रुपए निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत कराए गए। स्काईवॉक का निर्माण कार्य 8 महीने में पूरा किया जाना था, इसकी कुल लंबाई लगभग 1.470 किलोमीटर थी। वहीं इसमें 10 स्थान पर सीढ़ी, 8 जगहों पर एस्केलेटर और 2 जगह पर लिफ्ट लगाना था। बाद में इसकी पुनरीक्षित लागत राशि बढ़कर 77 करोड़ रुपए हो गई थी। विभाग द्वारा निर्माण पर रोक लगने से पहले तक के भुगतान के बाद शेष 31 करोड़ रुपए पर ही टेंडर जारी करने की तकनीकी स्वीकृति का एस्टीमेट पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता एमएल उरांव ने प्रमुख अभियंता को भेजा। इसी आधार पर टेंडर का प्रयास जारी है। बताया गया है कि अब तक हुए निर्माण कार्य का पूरा आकलन किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### जानलेवा ट्रक के चालक पर अपराध दर्ज

**रायपुर।** पैदल सड़क पार कर रहे युवक को चपेट में लेकर जान लेने वाले ट्रक चालक के



खिलाफ डीडीनगर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। अश्वनी नगर निवासी 31 वर्षीय पवन देवांगन तीन दिन पहले हादसे का शिकार हुआ था। इस मामले में पुलिस ने ट्रक क्रमांक सीजी 24 जे-3937 के चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है और उसकी तलाश की जा रही है।

### मामूली विवाद पर युवक से की मारपीट

**रायपुर।** मामूली विवाद पर ईदगाहभाठा क्षेत्र में युवक की पिटाई कर दी गई। पीड़ित साहिल



खान का आरोप है कि मोहसीन और उसके साथियों ने धक्का लगने के विवाद पर उसे पीट दिया। आरोपी इस बात से नाराज थे कि प्रार्थी ने धक्का लगने पर उन्हें देखकर चलने की नसीहत दी थी।

## सामान्य दिनों में 12-13 हजार रुपए में प्रति हाईवा मिल रही थी रेत, बारिश में कीमत पहुंची थी 24 से 30 हजार तक और अब 6 हजार कम

# खुल गए 9 घाट, फिर भी रेत महंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बरसात का सीजन खत्म होने के बाद जिले में रेत की 9 खदानों में रेत उत्खनन का काम शुरू हो गया है, जिससे रेत के परिवहन में भी काफी तेजी आई है। इसके बाद भी इसकी कीमत में ज्यादा गिरावट नहीं आई है। सामान्य दिनों में 12 से 13 हजार रुपए हाईवा में बेची जाने वाली मीडियम एवं बारीक रेत की कीमत अभी भी 18 से 23 हजार रुपए है। इस तरह जिले में रेत की खदानें खुलने के बाद भी आम लोगों को महंगी रेत से राहत मिल नहीं पा रही है। हालांकि बरसाती सीजन में रेत खदानों में एनजीटी के आदेश के तहत उत्खनन पर 15 जून से 15 अक्टूबर तक प्रतिबंध लगाया गया था। इस दौरान प्रति हाईवा रेत की कीमत 24 से 30 हजार रुपए पहुंच गई थी। रेत की खदानें खुलने के बाद मीडियम और बारीक रेत में 6 से 7 हजार रुपए की गिरावट आई है।

### खदानें खुलने के बाद भी लोगों के सपनों के घर अधूरे

बरसात के बाद भी रेत की कीमत आसमान छू रही है। रेत की खदानों में उत्खनन और परिवहन के काम में तेजी आने के बाद भी इसके कारोबारी मनमानी कीमत पर ही रेत बेच रहे हैं। इसके कारण आम लोगों के सपनों का घर भी पूरा नहीं हो पा रहा है। बरसात में बढ़ी रेत की कीमत के कारण कई लोगों ने अपने घर का निर्माण अधूरा छोड़ दिया था। इन लोगों को खदानों के शुरू होने का इंतजार था, लेकिन खदानें शुरू होने के बाद भी रेत की कीमत सामान्य नहीं हो पाई है। इसके कारण ये लोग अपने अधूरे पड़े मकानों का निर्माण भी पूर्ण नहीं करा पा रहे हैं।



### 13 खदानें स्वीकृत 4 को अब तक नहीं मिली एनओसी

जिले में 13 रेत खदाने स्वीकृत है। इन सभी खदानों को टेंडर निकालकर ठेके पर दिया गया है, लेकिन इनमें से अब तक 9 खदानों को ही छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण विभाग से एनओसी मिल पाई है, वहीं 4 खदानों को अब तक एनओसी नहीं मिल पाई है। जिन खदानों को एनओसी नहीं मिल पाई है, वहां अब तक खनन का काम वैध तरीके से शुरू नहीं हो पाया है। हालांकि बीच-बीच में जरूर इन खदानों में अवैध रूप से खनन की सूचना या शिकायते जरूर विभाग तक पहुंचती है, जिसके आधार पर विभाग द्वारा कुछेक खदानों में रेत से भरी हाईवा गाड़ियों के अलावा चेन माउंटेन मशीन भी जब्त करने की कार्रवाई की जा चुकी है।

### रेत का अवैध परिवहन बढ़ा

एनजीटी का प्रतिबंध हटने के बाद से वैध खदानों के खुलने के साथ कई ऐसी खदानों में भी अवैध रूप से भी रेत का उत्खनन होने लगा है, जिसे विभाग द्वारा एनओसी या ठेका ही नहीं दिया गया है। हालांकि जिले में इन दिनों ज्यादातर रेत का अवैध परिवहन धमतरी, गरियाबंद एवं महासमुंद जैसे जिलों के माफिया द्वारा किया जा रहा है। जिले की विभागीय टीम द्वारा पिछले कुछ दिनों में अवैध परिवहन में संलिप्त 14 हाईवा गाड़ियों को जब्ती भी बनाया है।

### शिकायत मिलने पर करेंगे कार्रवाई

खदानें खुलने के बाद रेत की सप्लाई बढ़ी है। इससे कीमत भी सामान्य हुई है। इसके बाद भी अगर कोई रेत ठेकेदार ज्यादा कीमत पर रेत बेच रहा है, तो इसकी शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**- केके गोलघाटे,** उप संचालक खनिज विभाग रायपुर

## विशाखापट्टनम की उड़ान के पहले रायपुर-मुंबई की फ्लाइट बढ़ने की उम्मीद



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

करीब बीस माह पहले बंद हुई विशाखापट्टनम फ्लाइट की वापसी के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। इसके पहले रायपुर-मुंबई के बीच उड़ान बढ़ने की संभावना है। जेट एयरवेज की उड़ान की संभावना खत्म होने के बाद खाली स्लॉट नई कंपनी को दिए जाने की प्रबल संभावना है। छह दिन पहले विस्तारा एयरलाइंस की रायपुर-दिल्ली फ्लाइट एयर इंडिया के रूप में संचालित होने ⏭ शेष पेज 13 पर

■ **जेट एयरवेज का खाली स्लॉट, नई कंपनी को मिलने के आसार**

### मुंबई की तीन फ्लाइट

वर्तमान में रायपुर से मुंबई के बीच तीन फ्लाइट का संचालन किया जाता है। तीनों विमान एक ही कंपनी के हैं, जिसकी वजह से इसका किराया सामान्य से काफी अधिक रहता है। दूसरी विमानन कंपनी के इस सेक्टर में विमान संचालित किए जाने और संख्या बढ़ने से एयर फेयर में भी कमी आने की संभावना है।

### विंटर सीजन में जगदलपुर की उड़ान नहीं

रायपुर से जगदलपुर के बीच विंटर सीजन शुरू होने के साथ ही हवाई संपर्क समाप्त हो चुका है। अलायंस एयर के बाद इंडिगो ने भी अपनी उड़ान ठंड की समय-सारिणी के साथ हटा लिया था। इसके लिए यात्री कम होने से नुकसान का हवाला दिया गया था। अब इस फ्लाइट की वापसी पुनः समर शेड्यूल में होने की संभावना है।

## गिरावट जारी, माना में ढाई डिग्री लुढ़का रात का पारा, राजधानी में भी बढ़ रही ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दूसरा पखवाड़ा शुरू होते ही प्रदेश में ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू किया है। रात के न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर जारी है। माना जैसे बाहरी इलाके में पारा ढाई डिग्री नीचे जा चुका है और शहर में भी ठंड बढ़ रही है। सरगुजा में अच्छी ठंड का असर महसूस हो रहा है और वहां पारा सामान्य से ⏭ शेष पेज 13 पर

### प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान

| | |
|---|---|
| रायपुर | 16.5 |
| माना | 14.0 |
| बिलासपुर | 15.4 |
| पेंड्रा | 11.2 |
| अंबिकापुर | 9.7 |
| जगदलपुर | 13.6 |
| दुर्ग | 13.4 |



■ सरगुजा में ठंड की वापसी, तापमान सामान्य से 3.6 डिग्री नीचे

### आसमान साफ तो धूप तेज

सोमवार को आसमान साफ रहने की वजह से शहर में तेज धूप महसूस हुई। दिन में तापमान 31-32 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इसमें बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। दिन की लंबाई कम होने की वजह से शाम जल्दी हो जा रही है और रात होते-होते ठंड का अनुभव बढ़ने लगा है।

**पैरामेडिकल/नर्सिंग/स्वास्थ्य कर्मचारी में प्रवेश हेतु आवेदन सूचना (2024-25)**

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

छ.ग. के विभिन्न प्राइवेट चिकित्सालयों में पैरामेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी एवं हॉस्पिटल प्रबंधन कर्मी की पूर्ति हेतु संस्थान एक एवं दो वर्षीय राष्ट्रीय कौशल विकास द्वारा संचालित कोर्स के अंतर्गत में कक्षा 12वीं (पास/फेल कोई भी विषय से हो) छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों (रायपुर धमतरी, बिलासपुर, सरायपाली, जांजगीर) के केन्द्रों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित।

**केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटे**

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | ईएमटी/ MPHW | नर्सिंग अस्टिटेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट :-** 1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे। साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) 2. चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। 3. केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। 4. 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। 5. किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/12/2024 तक**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 05/01/2025 तक**

**आवेदन हेतु पात्रता**

प्रति,
संचालक
शाखा प्रबंधक NSDC/SDMS केंद्र क्रमांक 86549
मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)
पिनकोड- 492013

महोदय__________ पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।
आवेदक का नाम__________
पिता/पति__________ जन्म तिथि__________
वर्ग अनुज जाति__________ अनु जाति__________ अन्य पि. वर्ग__________
सामान्य__________ पत्र व्यवहार का पता__________
__________ पिन कोड__________
मो. नं.__________ बाट्सअप नं__________
पालक का मो. न__________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग__________
में प्राप्त अंक__________ कुल प्रतिशत__________ मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.__________
हस्ताक्षकर__________ पालक का हस्ताक्षर__________

**कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)**

## शराब घोटाला मामले में दो हजार पन्नों का पूरक चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शराब के साथ कस्टम मिलिंग घोटाला तथा माइनिंग घोटाला मामले में सोमवार को कोर्ट में महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू ने अनिल टूटेजा, सुनील दत्त तथा फरार विकास अग्रवाल के खिलाफ दो हजार पन्नों का कोर्ट में पूरक चालान पेश किया, जिसमें 70 पन्नों की समरी शामिल है। शराब घोटाला मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी।

■ **सौम्या के साथ कस्टम मिलिंग के आरोपी जेल दाखिल**

कस्टम मिलिंग घोटाला में आरोपी बनाए गए तत्कालीन कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर तथा एमडी रहे मनोज सोनी को जांच एजेंसी ने पूछताछ करने रिमांड पर लिया था। पूछताछ पूरी होने के बाद दोनों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। मामले की अगली सुनवाई अब तीन दिसंबर को होगी। माइनिंग घोटाला के आरोप में जेल में बंद सौम्या चौरसिया को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में ईओडब्लू ने जेल से गिरफ्तार कर पूछताछ करने रिमांड पर लिया था। पूछताछ पूरी होने के बाद जांच एजेंसी ने सौम्या को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर सौम्या को तीन दिसंबर तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया है। 20 नवंबर को सौम्या के जमानत आवेदन पर सुनवाई होगी।



## खबर संक्षेप



### आईआईटी-जेईई, नीट और पीएससी परीक्षाओं के लिए मिलेगी निःशुल्क कोचिंग

**रायपुर।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधासनभा के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले प्रतिभावान युवाओं के लिए पंडरिया ब्लॉक में पहला निशुल्क कोचिंग सेंटर 1 जनवरी से शुरू करने की घोषणा की है। बताया गया कि कोचिंग सेंटर के लिए पंडरिया शहर में स्थान का चयन भी कर लिया गया है। कोचिंग सेंटर में अनुभवी शिक्षकों द्वारा संयुक्त प्रवेश परीक्षा (आईआईटी-जेईई), राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट), छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध होगी। विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन के अवसर पर पंडरिया विधायक ने कहा, यह सभी निर्माण कार्य पंडरिया नगर के विकास एवं जनता की सुविधाओं का विस्तार करने में बहुमूल्य भूमिका निभाएंगे।

### अब तक 46 हजार से अधिक किसानों ने बेचा धान

**रायपुर।** प्रदेश में धान खरीदी के दूसरे दिन तक लगभग 2.6 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य के 46967 किसान धान बेच चुके हैं। धान खरीदी का यह महाअभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज लगभग 1 लाख 12 हजार मीटरिक टन धान की खरीदी हुई है। आज 24582 किसानों ने धान बेचा है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। आज के लिए 23 हजार से अधिक टोकन जारी खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.42 लाख नए किसान शामिल हैं। सोमवार को 27111 टोकन जारी किए गए थे। मंगलवार के लिए 23791 टोकन जारी किए गए है।

### पांच सलाहकार बोर्ड का गठन

**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा पांच सलाहकार बोर्ड का गठन किया गया है। इन बोर्ड में न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार व्यास, सेवानिवृत्त न्यायाधीश नवल किशोर अग्रवाल और विमला सिंह कपूर को शामिल किया गया है। इन बोर्ड में विशेष जनसुरक्षा अधिनियम सलाहकार बोर्ड, चोर बाजारी निवारण और आवश्यक वस्तु अधिनियम, स्वापक औषधीय और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम सलाहकार बोर्ड, विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी निवारण अधिनियम सलाहकार बोर्ड शामिल है।

### सिमगा नगर पालिका गठन की अधिसूचना

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सिमगा नगर पंचायत को नगर पालिका गठित करने के संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राजपत्र में इस संबंध में अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार नगर पंचायत सिमगा की सीमाएं ही नगर पालिका परिषद सिमगा की सीमाएं होंगी।

# भाजपा की सदस्यता परीक्षा : अंबिकापुर विस के एक लाख से ज्यादा सदस्य, कोंटा के मात्र 12 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा का सदस्यता अभियान अंतिम चरण पर है। अब तक 54 लाख से ज्यादा सदस्य बन गए हैं। प्रदेश की 90 विधानसभाओं में विधायक राजेश अग्रवाल और सदस्यता अभियान समिति के संयोजक अनुराग सिंहदेव की अंबिकापुर विधानसभा सबसे ज्यादा एक लाख से ज्यादा सदस्य बनाकर पहले स्थान पर है।

राजधानी रायपुर की चार विधानसभाओं में विधायक राजेश मूणत की विधानसभा रायपुर पश्चिम टॉप टेन में शामिल है। दो मंत्रियों ओपी चौधरी और लखनलाल देवांगन की विधानसभाएं भी टॉप टेन में शामिल हैं। सबसे कम सदस्य बनाने के मामले में कोंटा विधानसभा अंतिम स्थान पर है। उसके खाते में 12436 सदस्य हैं। यहां पर भाजपा का विधायक नहीं है।

भाजपा के सदस्यता अभियान में विधानसभा वार तो लक्ष्य तय नहीं किया गया है, लेकिन हर बूथ में दो सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य जरूर तय है, इसी के साथ जिलों का भी लक्ष्य तय है। विधायकों के साथ सांसदों का भी लक्ष्य तय किया गया है। सांसदों में तीन ही सांसद जहां 20 हजार सदस्य के लक्ष्य के पार गए हैं, वहीं विधायकों में 11 विधायक दस हजार के लक्ष्य तक नहीं पहुंचे हैं। इसको लेकर राष्ट्रीय संगठन खफा भी है। 22 नवंबर को दिल्ली में होने वाली बैठक में सबकी कुंडली रखी जाएगी।

## राजधानी की पश्चिम विधानसभा टॉप टेन में दसवें नंबर पर

### फिसड्डी विस के विधायक भी फिसड्डी

जो दस विधानसभाएं फिसड्डी साबित हुई हैं, उसमें जहां आधा दर्जन में भाजपा के विधायक नहीं हैं। वहीं जिन चार विधानसभाओं में भाजपा के विधायक हैं, वो भी सबसे कम सदस्य बनने वालों की सूची में हैं। इसमें दंतेवाड़ा के चैतराम अटामी के खाते में महज 832 सदस्य हैं, वहीं अंतागढ़ के विक्रम उसेंडी ने 1034, चित्रकोट के विनायक गोयल ने 4926 और लुंड्रा के विधायक प्रबोध मिंज ने 7488 सदस्य बनाए हैं।

### ये हैं टॉप टेन विधानसभाएं

| | |
|---|---|
| अंबिकापुर | 114118 |
| बिलासपुर | 88236 |
| कुरुद | 75261 |
| वैशाली नगर | 66475 |
| बिल्हा | 66358 |
| पंडरिया | 66229 |
| कोरबा | 65100 |
| दुर्ग शहर | 64862 |
| रायगढ़ | 64588 |
| रायपुर पश्चिम | 61378 |



### दस फिसड्डी विधानसभा

| | |
|---|---|
| कोंटा | 12436 |
| मोहला मानपुर | 14656 |
| बीजापुर | 15349 |
| खुज्जी | 18219 |
| दंतेवाड़ा | 19005 |
| पाली तानाखार | 21677 |
| चित्रकोट | 22600 |
| अंतागढ़ | 23403 |
| लुंड्रा | 24614 |
| रामपुर | 24873 |

### टॉप टेन विधानसभाओं के चार विधायक भी टॉप पर

टॉप टेन विधानसभाओं में एक विधायक राजेश मूणत को छोड़कर जहां सभी ने दस हजार का लक्ष्य प्राप्त किया है, वहीं वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन विधायकों में सबसे ज्यादा सदस्य बनाने में पहले नंबर पर है। इसी के साथ पंडरिया की विधायक भावना बोहरा ने 20 हजार से ज्यादा कोरबा के विधायक और प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन देवांगन के खाते में 14 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। कुरुद के विधायक अजय चंद्राकर ने भी 13 हजार से ज्यादा सदस्य बनाए हैं।

## मतगणना 23 को : 14 टेबल पर 19 राउंड में होगी गिनती

# ईवीएम की सुरक्षा तीन लेयर में 20 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय भवन में ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया है। इसके लिए स्ट्रांग रूम में 3 लेयर में 20 से ज्यादा पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। इनमें सीआरपीएफ के जवानों के साथ स्थानीय पुलिस भी शामिल है। इसके अलावा स्ट्रांग रूम के अंदर और बाहर में करीब 56 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से स्ट्रांग रूम की निगरानी की जा रही है। इधर 23 नवंबर को होने वाली मतगणना के लिए भी प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारी भी लगभग अंतिम चरण पर है। मतगणना के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। गणना के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे, जिनमें करीब 19 राउंड में गिनती होगी। डाकमत पत्रों की गिनती के लिए अलग से दो टेबल लगाए जाएंगे।



### डाकमत पत्रों से होगी गणना की शुरुआत

मतगणना की शुरुआत सुबह 8 बजे डाकमत पत्रों की गणना से होगी। इसके लिए मतगणना स्थल पर दो टेबल लगाए जाएंगे। डाकमत पत्रों की गणना के बाद इसके परिणाम की घोषणा की जाएगी। इसके आधे घंटे के बाद ईवीएम मशीनों की गणना शुरू होगी। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ईवीएम मशीनों की गणना के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे। प्रत्येक टेबल पर गणना पर्यवेक्षक, सहायक पर्यवेक्षक एवं एक माइक्रो आब्जर्वर तैनात रहेंगे। इस तरह प्रत्येक टेबल पर गणना के लिए 3 और 14 टेबल पर 42 कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा ईवीएम मशीन टेबल तक लाने व ले जाने के लिए अलग से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### बूथ व ईवीएम के सीरियल नंबरों से होगी गिनती

वोटों की गिनती बूथ और ईवीएम मशीनों के सीरियल नंबरों के अनुसार होगी। दक्षिण विधानसभा के लिए 266 मतदान केंद्रों में वोटिंग हुई है। वोटिंग के बाद सभी ईवीएम मशीनों को बूथ और सीरियल नंबरों के अनुसार स्ट्रांग रूम में रखा गया है। मतगणना के दिन वोटों की गिनती भी बूथ और ईवीएम मशीनों की सीरियल नंबरों के अनुसार की जाएगी।

### मोबाइल-शस्त्र, पान-गुटखा बैन, वीआईपी की एंट्री भी नहीं

मतगणना हॉल में मोबाइल के अलावा आईपैड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, बीड़ी-सिगरेट व गुटखा ले जाने पर भी बैन लगाया गया है। इसके अलावा मतगणना केंद्र में मंत्री, सांसद, विधायक भी प्रवेश नहीं कर पाएंगे।

### सीसीटीवी के माध्यम से लाइव कवरेज देख पाएंगे लोग

मतगणना का लाइव कवरेज देखने के लिए मतगणना हॉल के बाहर परिसर में सीसीटीवी-एलईडी की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए 6 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### मतगणना की तैयारी हो चुकी

मतगणना के लिए लगभग तैयारी हो चुकी है। गणना के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई दी गई है। पहले डाकमत पत्रों की गिनती होगी। इसके बाद ईवीएम मशीनों की गिनती होगी।

- उमाशंकर बंदे,
जिला उप निर्वाचन अधिकारी

# नक्सल क्षेत्र में सुरक्षा कैंप बनाने का विरोध करने वाला संगठन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों खासकर बस्तर में सरकार द्वारा लगातार बनाए जा रहे सुरक्षा कैंपों का विरोध करने वालों पर अब शिकंजा कसना शुरू हो गया है। बस्तर क्षेत्र के आदिवासियों को सुरक्षा कैंपों के खिलाफ भड़काकर विरोध करने वाले एक संगठन मूलवासी बचाओ मंच संगठन पर सरकार ने एक साल का प्रतिबंध लगाया है। इस संबंध में गृह विभाग ने आदेश जारी किया है।

नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ के बस्तर में राज्य शासन द्वारा नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के इरादे से लगातार सुरक्षा कैंपों का निर्माण किया जा रहा है। राज्य सरकार ने प्रभावित इलाकों में 29 नए कैंप बनाने की ओर कदम बढ़ाया है। दूसरी ओर नक्सलियों के समर्थन में नागरिकों की आड़ में सुरक्षा कैंपों का लगातार विरोध कर रहे हैं। बस्तर के कई क्षेत्रों में पिछले साल-दो साल के बीच लंबे समय तक आंदोलन भी करवाए गए हैं। पुलिस और सरकार का मानना है कि इस विरोध प्रदर्शन के पीछे नक्सलियों का हाथ है, लेकिन वे सामने नहीं आते। उनके मुखौटे के रूप में अलग-अलग नामों से चलाए जा रहे संगठन विरोध को हवा देने का काम कर रहे हैं। इस सिलसिले में सरकार ने अब एक ऐसे ही संगठन मूलवाली बचाओ मंच संगठन को निशाने पर लिया है।

### लगाया एक साल का प्रतिबंध

इस संबंध में राज्य सरकार के गृह विभाग ने एक अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में कहा गया है कि , राज्य सरकार को सूचनाएं प्राप्त है कि मूलवासी बचाओ मंच संगठन केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में चलाये जा रहे विकास कार्यों तथा इन विकास कार्यों के संचालन हेतु निर्माण किये जा रहे सुरक्षा बल के कैंपों का लगातार विरोध करने तथा आम जनता को उसके विरुद्ध उकसाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही न्याय प्रशासन में हस्तक्षेप करते हुए एवं विधि द्वारा स्थापित सस्थाओं की अवज्ञा को बढ़ावा देते हुए तथा उनके द्वारा लोक व्यवस्था, शांति में बाधा एवं नागरिकों की सुरक्षा में खतरा उत्पन्न किया जा रहा है, जो कि राज्य की सुरक्षा के प्रतिकूल है। इसलिए मूलवासी बचाओ मंच के संबंध में, राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि ऐसे संगठन को विधि विरुद्ध संगठन घोषित करना आवश्यक है।

# भाजपा का संगठन चुनाव कल से, पहले बनेंगी बूथ कमेटियां

पहले दो दिन मंडलों में होगी कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश भाजपा में संगठन चुनाव की तैयारी प्रारंभ हो गई है। इसके लिए सभी जिलों में चुनाव अधिकारियों के बाद अब मंडलों में भी चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। ये चुनाव अधिकारी ही पहले बूथ, फिर शक्ति केंद्र और फिर मंडलों में चुनाव कराएंगे। सबसे पहले बूथ कमेटियों का चुनाव होगा। इसकी प्रक्रिया 20 नवंबर से प्रारंभ होगी। पहले दो दिनों तक मंडलों में कार्यशाला होगी, इसमें बूथ और शक्ति केंद्रों के अध्यक्षों और पदाधिकारियों को बुलाकर चुनाव की प्रक्रिया के बारे में बताया जाएगा। इसके बाद 22 नवंबर से बूथों में कमेटियां बनाने का काम प्रारंभ होगा, लेकिन इस चुनाव के लिए यह जरूरी है कि बूथ में कम से कम भाजपा के 50 सदस्य होने चाहिए। जिन बूथों में 50 से कम सदस्य होंगे, वहां पर बूथ कमेटियों का चुनाव नहीं हो सकेगा।

भाजपा का राष्ट्रीय स्तर के साथ प्रदेश में भी इस समय सदस्यता अभियान चल रहा है। इस अभियान को 15 नवंबर को समाप्त था, लेकिन अभी यह अभियान चल रहा है। इसी के साथ अब 20 नवंबर से संगठन चुनाव की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर रहे हैं। इसको लेकर राष्ट्रीय संगठन ने जहां राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव अधिकारी तय कर दिया है, वहीं सभी राज्यों राज्य स्तर के साथ जिला स्तर और मंडलों में भी चुनाव अधिकारी बना दिए गए हैं।

### बूथ कमेटियों में होंगे 25 सदस्य

भाजपा के प्रदेश संगठन के लिए सबसे पहले बूथ स्तर पर चुनाव होगा। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं। भाजपा ने सदस्यता अभियान में हर बूथ में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। लेकिन दिल्ली में जो सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक हुई उसमें यह बात सामने आई है कि प्रदेश में सैकड़ों बूथ ऐसे हैं जहां पर 50 से भी कम सदस्य बने हैं। ऐसे बूथों में बूथ कमेटियों का चुनाव ही नहीं हो सकेंगे। भाजपा के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में कई बूथ ऐसे हैं जहां पर मतदाताओं की संख्या बहुत कम है। ऐसे बूथों को छोड़कर ज्यादा संख्या वाले बूथों में हर हाल में सदस्यता अभियान समाप्त होने से पहले 50 सदस्य बनाने के लिए कहा गया है। कई बूथों में 50 से ज्यादा सदस्य बन भी गए हैं। लेकिन जहां पर सदस्यता अभियान के बाद भी 50 सदस्य नहीं बन पाएंगे उन बूथों में चुनाव नहीं होगा। बूथों में चुनाव के लिए 20 से 30 नवंबर की समय सीमा तय की गई है। हर बूथ कमेटी में 25 सदस्य होंगे। इसके बाद मंडल और फिर जिलों में चुनाव होंगे। अंत में प्रदेशाध्यक्ष का फैसला होगा। सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव के बाद अगले साल जनवरी में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।




## राजधानी में चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने कहा

# बृजमोहन ने यातायात सुधारने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में यातायात को सुगम बनाने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सोमवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में रायपुर में प्रस्तावित और चल रही कई बड़ी परियोजनाओं पर चर्चा की गई।



श्री अग्रवाल ने 600 करोड़ रुपये की लागत से सरोना चौक, उद्योग भवन चौक, तेलीबांधा चौक और 400 करोड़ रुपये की लागत से धनेली जंक्शन पर प्रस्तावित फ्लाईओवर पर प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राजधानी रायपुर के बढ़ते ट्रैफिक दबाव को ध्यान में रखते हुए यातायात समस्या के समाधान के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया। बैठक में 3,500 करोड़ रुपये की लागत से 186 किलोमीटर लंबे रायपुर-बलौदाबाजार-सारंगढ़ हाईवे और 5,600 करोड़ रुपये की लागत से 228 किलोमीटर लंबे धमतरी-जगदलपुर हाईवे को चौड़ा कर चार लेन का बनाने की कार्ययोजना की जानकारी भी ली गई। श्री अग्रवाल ने कहा, राजधानी में ट्रैफिक का बढ़ता दबाव और रिंग रोड नंबर 5 पर सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय है। इन समस्याओं के समाधान के लिए रिंग रोड के किनारे 11 मीटर चौड़ी सर्विस लेन निर्माण और तेलीबांधा से ताटीबंध तक एलिवेटेड रोड बनाने की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सरोना और इंद्रप्रस्थ के बीच रिंग रोड पर अंडरपास निर्माण पर भी विचार किया गया है। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित एक्सप्रेस वे को एनएचएआई को सौंपने के लिए सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भी लिखा है। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अविनाश मिश्रा, पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता गोविंद अहिरवार, एनएचएआई क्षेत्रीय अधिकारी दिग्विजय सिंह, प्रबंधक तकनीकी प्रवीण विजयवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### सिंधी साहित्यकार शिव ग्वालानी का सम्मान

**रायपुर।** श्री झूलेलाल धाम में रविवार को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें साहित्यकार शिव ग्वालानी का सिंधी-हिंदू विभाजन की त्रासदी पर लिखे उनके उपन्यास के लिए सम्मान किया गया। इसी दौरान लेखक श्री ग्वालानी ने कहा कि सिंधी बच्चों को विभाजन की विभीषिका से अवगत कराना बहुत जरूरी है। अगर समाज अपने इतिहास से अवगत नहीं होगा तो समाज के बारे में केवल भ्रांतियां फैलेंगी। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज विस्थापित समाज रहा है, न की शरणार्थी। सिंधी समाज हिंदू समाज का अंग रहा है और सिंधी अविभाजित भारत देश के सिंध प्रदेश की राज्यभाषा रही है। सिंधी धर्म नहीं है।

## निधन

### आशा देवी हेमराजानी



**रायपुर।** शंकर नगर निवासी आशादेवी हेमराजानी (98) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 नवंबर को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे डॉ. कन्हैयालाल की भाभी और हरीश, ओमप्रकाश, डॉ. सुरेश हेमराजानी की माता थीं।

### मंगलचंद सेठिया



**रायपुर।** बूढ़ापारा निवासी मंगलचंद सेठिया (82) का 18 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे राहुल सेठिया के पिता और बसंत, अशोक, हेमंत, चंचल, प्रदीप, विनोद, शैलेश व दिनेश सेठिया के चाचा थे।

### नवीन बत्रा



**रायपुर।** गंगा विहार अमलीडीह निवासी नवीन बत्रा (47) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 नवंबर को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे संतोष कुमार, गागनदास, सलामत दास, रमेश लाल बत्रा के भतीजे और कैलाश, राजेश बत्रा के भाई थे।

# आंबेडकर अस्पताल के एनआईसीयू में बनेगा फायर एग्जिट, रास्ता बनाने किचन कॉरिडोर पर विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

झांसी के मेडिकल कालेज के बच्चा वार्ड में हुई आगजनी की घटना से सीख लेते हुए आंबेडकर अस्पताल के एनआईसीयू में फायर एग्जिट बनाया जाएगा। इसके लिए किचन कॉरिडोर में खुलने वाले वार्ड के पिछले हिस्से का उपयोग किए जाने पर विचार किया जा रहा है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने सोमवार को बाल एवं शिशुरोग विभाग में इस तरह की घटनाओं से निपटने की व्यवस्था का जायजा लिया।

मेडिकल सुपरिटेंडेंट ने पीडियाट्रिक विभागाध्यक्ष को फायर एग्जिट तैयार करने के लिए प्रस्ताव बनाकर देने निर्देश दिए। उन्होंने भूतल स्थित पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट का जायजा लिया। वहां की विद्युत व्यवस्था, सेंट्रलाइज एसी सिस्टम एवं फायर सेफ्टी के अंतर्गत स्थापित फायर एक्सटिंग्विशर के बारे में मेंटेनेंस विभाग के कर्मचारियों से जानकारी ली। बताया गया कि न्यू ट्रामा वार्ड में हुई घटना के बाद सभी फायर एक्सटिंग्विशर के रिफिलिंग का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। वर्तमान में लगभग 335 फायर एक्सटिंग्विशर अस्पताल के विभिन्न विभागों में स्थापित है। प्रथम तल स्थित वार्ड नं 30 के नियोनेटल केयर यूनिट यानी नर्सरी 2 की फायर सेफ्टी व्यवस्था देखी। अनावश्यक सामानों को वहां से हटाने के निर्देश दिए ताकि वहां आने-जाने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सके।

इस दौरान अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम को मेंटेनेंस करने वाली कंपनी के कर्मचारियों से आपात स्थिति में फायर फाइटिंग सिस्टम के उपयोग की जानकारी ली। दावा किया गया कि फायर सेफ्टी के मेंटेनेंस के अंतर्गत स्मोक डिटेक्टर, स्प्रिंकलर और फायर अलार्म को चेक किया जा रहा है। अधीक्षक ने पीडब्ल्यूडी के ईएमडी विभाग को विद्युत आपूर्ति के सभी उपकरणों को चेक करने के लिए कहा ताकि शॉर्ट सर्किट जैसी स्थितियां उत्पन्न न हों।

## झांसी मेडिकल कालेज में हुई घटना के बाद सीख, फायर सेफ्टी उपकरणों की जांच

### पूरा नहीं हुआ ट्रामा ओटी का काम

पिछले दिनों आंबेडकर अस्पताल के तीसरी मंजिल में स्थिति न्यू ट्रामा की एसी के कंप्रेसर में विस्फोट के बाद धुआं भर गया था। घटना के दौरान ओटी में मौजूद डाक्टरों और चिकित्सकीय स्टाफ ने जोखिम उठाकर वहां मौजूद मरीज की जान बचाई थी। घटना के बाद ओटी खराब हो गया था, वहीं आवश्यकता के अनुसार उसमें परिवर्तन किया जाना था। घटना के 12 दिन बाद भी ऑपरेशन थियेटर का काम पूरा नहीं हो पाया है। यहां होने वाली सर्जरी दूसरे विभाग के वार्डों में पूरी की जा रही है।



### नहीं हो पाया मॉकड्रिल

घटना के बाद आंबेडकर अस्पताल के फायर सेफ्टी का रखरखाव करने वाले और अन्य कर्मचारियों को आपात स्थिति से निपटने के लिए बारीकी समझाने एसडीआरएफ के साथ मॉकड्रिल की योजना बनाई गई थी। अस्पताल प्रबंधन ने इस संबंध में स्वंय सुझाव दिया था। समय बीतने के बाद इस सुझाव पर अमल नहीं किया गया। अस्पताल का स्टाफ अपनी पुरानी टेक्निक के जरिए ऐसी घटनाओं में राहत देने के लिए अभी भी तैयार है।

# मल्टीलेवल पार्किंग में लावारिस गाड़ियां इसलिए सड़कों पर पार्क कर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

कलेक्टोरेट भवन के पास करोड़ों रुपए खर्च करके 6 लेयर की मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। इसके बाद भी इस पार्किंग की जगह वाहन चालकों द्वारा अपनी गाड़ियां कलेक्टोरेट और जिला पंचायत भवन के सामने सड़क पर पार्क की जा रही हैं, जिसके कारण हर रोज इस मार्ग से आवागमन करने वाले वाहन सवार लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सड़कों पर पार्किंग करने वालों में कई लोग जहां मल्टीलेवल में गाड़ी पार्क करना नहीं चाहते, तो कई लोग ऐसे भी हैं, जिन्हें पार्किंग में जगह की कमी के कारण सड़क पर गाड़ी खड़ी करने मजबूर होना पड़ रहा है।

### सुबह 11 से शाम 5 बजे तक जाम जैसे हालात

राजधानी रायपुर में ऐसे अनेकों प्रमुख मार्ग हैं, जहां सड़कों पर दोपहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया गाड़ियों को पार्क किए जाने से जाम की स्थिति बनती है, साथ ही आवागमन करने में वाहन चालकों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। ऐसा ही हाल कलेक्टोरेट परिसर जाने वाले मुख्य गेट के बगल से लेकर जिला पंचायत बिल्डिंग, रजिस्ट्री भवन के पीछे ऑक्सीजोन वाले मार्ग तक लाइन से दोपहिया और चार पहिया गाड़ियों की कतारें सरकारी अवकाश के दिनों को छोड़कर हर रोज लगी रहती हैं। खासकर सुबह 11 से शाम 5 बजे तक यहां गाड़ियों की लंबी लाइन लगी रहती है, जबकि इन गाड़ियों को रखने के लिए 6 लेयर वाली मल्टीलेवल पार्किंग यहां है। इस पार्किंग में ग्राउंड से लेकर 4 लेयर तक हर रोज सैकड़ों गाड़ियां पार्क की जा रही हैं। 1 से 4 लेयर में ज्यादातर चार पहिया गाड़ी ही पार्क की जाती हैं, लेकिन सरकारी दफ्तरों के बंद होने के बाद भी इन चारों लेयर की पार्किंग में दर्जनों कारें पार्क रहती हैं। इनमें कई कारें ट्रेवल्स, निजी व्यक्तियों की हैं। इसके साथ कई गाड़ियां लावारिस भी हैं।

### लग रहा हर रोज जाम



### ड्यूटी टाइम के दौरान कम पड़ रहा पार्किंग का स्पेस

सरकारी दफ्तरों में ड्यूटी टाइम के दौरान यहां पार्किंग का स्पेस कम पड़ता है। इसका कारण भी इस पार्किंग में कई हफ्तों व महीनों से खड़ी गाड़ियां हैं। इन गाड़ियों को यहां से हटाए जाने की स्मार्ट सिटी या नगर निगम द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इन गाड़ियों के पार्क होने के कारण ही पार्किंग में स्पेस की कमी हो रही है, जिससे सड़कों पर गाड़ी पार्क की जा रही है।

### सड़क मोड़ पर गाड़ी पार्क से दुर्घटना की संभावना

मल्टीलेवल पार्किंग के सामने मोड़ है। इसके बाद भी यहां सड़क पर चार पहिया गाड़ियां पार्क की जा रही हैं। मोड़ पर सड़क पर गाड़ी पार्क होने से यहां से गुजरने वाली गाड़ियों के दुर्घटना होने की भी दिनभर आशंका बनी रहती है।

### कार्रवाई करेंगे

कलेक्टोरेट के पास गाड़ी पार्क करने के लिए मल्टीलेवल पार्किंग बनी है। इसके बाद भी अगर सड़क पर गाड़ी पार्क की जा रही है तो कार्रवाई की जाएगी। - *गुरजीत सिंह, डीएसपी ट्रैफिक रायपुर*

# कोरबा में कारोबारी, इंटक नेता के घर सीबीआई का छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त करने की बात सामने आई

कोरबा स्थित एसईसीएल के खदान क्षेत्र में अपात्र लोगों को मुआवजा दिलवाने के आरोप में सीबीआई ने सोमवार को इंटक के श्रमिक नेता तथा एक कारोबारी के घर तथा ऑफिस में छापे की कार्रवाई की है। छापे की कार्रवाई तड़के छह बजे शुरू करने की बात सामने आई है।

सीबीआई ने हरदी बाजार निवासी श्रमिक नेता श्यामू (खुशाल) जायसवाल तथा दीपका निवासी राजेश जायसवाल के कटघोरा स्थित मकान में छापे की कार्रवाई की है। छापे की कार्रवाई करने पहुंची टीम द्वारा दस्तावेजों के साथ संबंधित लोगों से लंबी पूछताछ करने की जानकारी सूत्रों ने दी है। सीबीआई की टीम कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों जगहों पर छापे की कार्रवाई करने पहुंची। छापे की कार्रवाई के दौरान श्रमिक नेता तथा कारोबारी के निवास तथा कार्यालय से सीबीआई की जांच टीम द्वारा कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त करने की बात सामने आई है।

### अपात्र लोगों को मुआवजा दिलवाने का आरोप

श्रमिक नेता तथा कारोबारी द्वारा साठ-गांठ कर एसईसीएल के खदान क्षेत्र में प्रभावितों की जगह अपने लोगों को बड़े पैमाने पर मुआवजा दिलवाने का आरोप है। इसके साथ ही पात्र लोगों को मुआवजा से वंचित करने के साथ कम मुआवजा दिलवाने का आरोप है। प्रभावित लोगों की शिकायत के बाद मामले की जांच सीबीआई कर रही है। इसी वजह से सीबीआई की टीम श्रमिक नेता तथा कारोबारी के यहां छापे की कार्रवाई करने पहुंची। मुआवजा वितरण मामले में सीबीआई आने वाले दिनों में एसईसीएल से जुड़े अफसर तथा गलत तरीके से मुआवजा लेने वालों पर शिकंजा कसने के साथ उनसे पूछताछ कर सकती है।

# गौरीशंकर बोले- उस समय के सचिव और परीक्षा नियंत्रक की भी हो गिरफ्तारी

सरकार बनने के बाद इस मामले में अब हो रही है सीबीआई जांच



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) के पूर्व प्रमुख आईएएस टामन सिंह सोनवानी को सीजीपीएससी में गड़बड़ी के मामले में सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले को उठाने वाले भाजपा नेता गौरीशंकर श्रीवास का कहना है, सीबीआई की कार्रवाई का हम स्वागत करते हैं। सीबीआई तो अपना काम करेगी ही, लेकिन इस मामले में हमारी मांग है कि उस समय सीजीपीएससी के जो सचिव और परीक्षा नियंत्रक थे और साथ ही सदस्य थे, उनकी भी गिरफ्तारी होनी चाहिए। कांग्रेस शासनकाल में सीजीपीएससी में हुई गड़बड़ी को उजागर करने का काम भाजपा नेता गौरीशंकर श्रीवास ने किया था। इस मामले में भाजपा ने बड़ा आंदोलन भी किया और भाजपा ने विपक्ष में रहते हुए विधानसभा चुनाव के समय अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि भाजपा की सरकार बनने पर इस मामले में सीबीआई जांच कराई जाएगी।

# निगम कर्मियों ने गठित की कार्यकारी समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मिलकर कार्यकारी समिति का गठन किया है, जिसका अध्यक्ष प्रमोद जाधव को बनाया गया है। यह समिति अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं का निराकरण कराने तथा हित में काम करेगी। नवगठित समिति जल्द ही अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर नगर निगम कमिश्नर, महापौर एवं नेता प्रतिपक्ष से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपेगी।

समिति में 4 सौ अधिकारी-कर्मचारी शामिल



नवगठित कार्यकारी समिति में लगभग 400 अधिकारी एवं कर्मचारियों को शामिल किया गया है। कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद जाधव के अलावा समिति में कार्यकारी संरक्षक अरुण दुबे, सुरेंद्र दुबे, कार्यकारी महामंत्री आशुतोष सिंह, कार्यकारी उपाध्यक्ष मोहित कुमार, श्याम सोनी, कार्यकारी महिला उपाध्यक्ष रुचिका मिश्रा, नलिनी साहू, स्वाति साहू, जोन 1 में कार्यकारी प्रभारी इस्माइल खान, जोन 2 में राजश्री श्रीवास, जोन 3 में मोहिब खान, जोन 4 में जितेंद्र निहाल, जोन 5 में आनंद ताम्रकार, जोन 6 में पुरुषोत्तम यदु, जोन 7 में बमशंकर गुप्ता, जोन 8 में चंदन रगड़े, जोन 9 में विजय शर्मा, जोन 10 में महादेव रक्सेल को जोन कार्यकारी प्रभारी बनाया गया है। निगम के सभी विभागों के कर्मचारियों को कर्मचारी कार्यकारी समिति में प्रतिनिधित्व दिया जा रहा है।

### स्कॉई वाक कबाड़...

करने के बाद अधूरे निर्माण को पूरा कराने के लिए नए सिरे से एजेंसी तय करने की प्रक्रिया दो माह पहले ही शुरू की गई थी। स्काईवाक को 77 करोड़ में पूरा करने का ठेका हुआ था। पुराने ठेकेदार को करीब 46 करोड़ का भुगतान हो चुका है। लोक निर्माण विभाग का बची हुई 31 करोड़ की राशि का टेंडर जारी कराने पर जोर है। यह टेंडर फाइनल होने पर ही पता लगेगा कि स्काईवाक के निर्माण का कितना हिस्सा ठीक है। **नए सिरे से टेंडर पर सवाल :** कार्यपालन अभियंता ने जिस तरह नए सिरे से टेंडर करने का तरीका अपनाया है, वही निर्माण के रास्ते में बड़ा रोड़ा बन रहा है। वहीं पुराने ठेकेदार ने विभाग के कहने पर यह काम रोका था, उसने स्वयं काम नहीं रोका। उसके द्वारा निर्माण कार्य को पूरा कराने मटेरियल खरीदी कर ली गई थी। पिछले छह साल से निर्माण कार्य न होने से उसका सामान खराब हो गया। यहां सवाल यह उठता है कि उसके सामान की भरपाई कौन करेगा। विभाग के अफसरों के पास इसका कोई जवाब नहीं है। उनका कहना है कि पुराने ठेकेदार को टर्मिनेट कर नए सिरे से स्काईवॉक का टेंडर होगा। अब ठेकेदार इसमें हाथ डालने से बच रहे हैं, इसलिए दो बार टेंडर में कोई सामने नहीं आया।

पेज 11 के शेष ...

### विशाखापट्टनम की उड़ान के...

लगी थी। करीब बीस माह बाद एयर इंडिया की वापसी के बीच शहर को नई उड़ान मिलने की संभावना बढ़ गई थी। पहले रायपुर-विशाखापट्टनम के बीच बंद पड़ी फ्लाइट के पुनः शुरू होने के आसार थे। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक इस फ्लाइट के पहले रायपुर-मुंबई की उड़ान संख्या बढ़ने की उम्मीद है। व्यास ट्रैवल्स के संचालक हरेन्द्र व्यास के मुताबिक पिछले दिनों जेट एयरवेज की वापसी की संभावना पूरी तरह खत्म हो गई है। वर्ष 2019 से इसकी उड़ान बंद हो चुकी है, मगर रायपुर-मुंबई बीच फ्लाइट के संचालन का स्लॉट कैंसिल नहीं किया गया था। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के बाद इस टाइमिंग पर नई कंपनी के विमान का संचालन किए जाने की संभावना प्रबल है। इसके लिए विमानन कंपनी और मुख्यालय स्तर प्रक्रिया पूरी किए जाने की चर्चा है। रायपुर से कुछ अन्य शहरों के लिए भी फ्लाइट प्रारंभ किए जाने आसार भी बने हुए हैं।

### गिरावट जारी, माना में...

3.6 डिग्री नीचे जा चुका है। बस्तर में भी रात का पारा डेढ़ डिग्री लुढ़कने से ठंड महसूस हो रही। यह दौर माह के अंतिम सप्ताह तक जारी रहने के आसार है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले दो-तीन दिनों तक गिरावट का क्रम लगातार जारी रहने के आसार हैं। काफी दिनों तक रात में अधिक तापमान में रहने के आदी हो चुके राजधानी के लोगों को पारा सामान्य स्थिति में आते ही ठंड महसूस हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, पिछले चौबीस घंटे में मध्य इलाके को छोड़कर उत्तर तथा दक्षिण के हिस्से में पारा डेढ़ से तीन डिग्री तक लुढ़का है। पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश का न्यूनतम तापमान दस डिग्री से नीचे जा चुका है। अंबिकापुर में सबसे कम पारा 9.7 डिग्री रिकार्ड किया गया है, इससे वहां रात के वक्त अच्छी ठंड महसूस हो रही है, जिसमें अभी और बढ़ोतरी होने की संभावना है। अनुमान है कि 23-24 के बाद ठंड स्थिर होगी। इस दौरान हवा का रुख बदलेगा और माह के अंतिम सप्ताह में तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होगी।


**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अब्दूल मुईज पिता स्व. श्री अब्दुल लतीफ निवासी सी 173 सी, से. 1, कौशल्या विहार, रायपुर छ.ग. ने विक्रेता अरूण कुमार सडंगी पिता श्री करमचंद सडंगी निवासी बोरियाखुर्द, मोतीनगर, गोदावरी नगर रायपुर छ.ग. के हक हित स्वामित्व व आधिपत्य की रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर की नगर विकास योजना क्र. 04, कमल विहार से. 1 के अंतर्गत पूर्नगठित विकसित खसरा नं. 241/6 का भाग, भूखंड क्र. सी 167, रकबा 60.00 वर्गमीटर अर्थात 645 वर्गफुट भूमि जो कि वाके मौजा बोरियाखुर्द प.ह.नं. 118/44, रा.नि.मं. रायपुर मे स्थित है को खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि विक्रेता को प्रदान कर दिया है। जिसकी बयनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, बीमा, वित्तीय अर्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि / संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी ऊजर या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय सुसंगत दस्तावेज आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करे। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नही होगा व अवैध व शुन्य माना जावेगा। म्याद अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का विक्रय प्रतिफल की शेष राशि अदा कर पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 18/11/2024

पी.पी. साहू (अधिवक्ता)
आ./ नि. - बी 44, से. 1, एकता नगर
गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.)
मो. 97531 79751, 83190 86896

**आम-सूचना**

एदत द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री रामेश्वर सफा उम्र 31 वर्ष पिता- श्री उत्तम कुमार सफा पता-सिमरन शहर के पास मठपुरेना, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा विक्रेता श्रीमती जामुन बाई उम्र 35 वर्ष पति-श्री भानुराम साहू निवासी- पी जामगांव, तहसील-अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य हक की आवासीय परिवर्तित भूमि जिसका खसरा क्रमांक-331/48 (तीन सौ इकतीस बटा अडतालीस) का कुल क्षेत्रफल 0.0097 हेक्टेयर याने 1040 (एक हजार चालीस) वर्गफूट परिवर्तित भूमि है जो कि वाके मौजा ग्राम बोरियाखुर्द, प.ह.नं.- 71 रा.नि.मं.- रायपुर, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) में नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्र. - 52 चन्द्रशेखर आजाद वार्ड, में स्थित परिवर्तित भूमि को क्रय करने का सौदा कर विक्रय इकरारनामा दिनांक 14/11/2024 को निष्पादन किया जाकर अग्रिम बयाना राशि विक्रेता को अदा कर दिया गया है तथा विक्रय प्रतिफल की शेष राशि का भुगतान विक्रय विलेख का निष्पादन/पंजीयन के समय किया जायेगा उक्त पंजीयन की कार्यवाही उप-पंजीयन कार्यालय रायपुर छ.ग. मे किया जाना शेष है,

इस भूमि के संव्यवहार खरीदी बिक्री के संबंध में यदी किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, बोर्ड, निकाय, साहूकार, प्राधिकरण आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय पते पर आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 (सात) दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियां शून्य व विधिविरूध्द समझी जावेगी। सो सूचना जाने।

दिनांक :- 18/11/2024
स्थान -रायपुर (छ.ग.)

नरेन्द्र साहू (अधिवक्ता)
कार्यालय :- भाठागांव ओवर ब्रिज के पास
जानकी विहार भाठागांव रायपुर (छ.ग.)
मो.न. - 99076-68494

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 7733 दिनांक 14.10.2015 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट, प्रथम-तल-12/104, को श्रीमती गंगा साहू पति श्री घनश्याम साहू, के नाम एकमुश्त आधार पर आबंटित किया गया है। श्रीमती गंगा साहू का मृत्यू दिनांक 13.09.2022 हो जाने के कारण मृतक खातेदार के पुत्री श्रीमती कल्पना चन्द्रकार पति श्री चुकेश्वर चन्द्राकर के नाम इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 6068 दिनांक 04.10.2024 के नाम पर नामांतरण किया गया है। वर्तमान में श्रीमती कल्पना चन्द्रकार पति श्री चुकेश्वर चन्द्राकर, निवासीः- वार्ड नं. 05 गोपालपुर, तहसील-पिथौरा, जिला-महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती राजकुमारी देवांगन पति श्री मघेश देवांगन, निवासीः- वार्ड नं. 18, ग्राम-मडेली, तहसील-भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर-29, में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक-ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट, प्रथम-तल-12/104, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,
रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2446 दिनांक 26.06.2015 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट, प्रथम-तल-12/108, को श्री मनमोहन साहू पिता श्री घनश्याम साहू, के नाम एकमुश्त आधार पर आबंटित किया गया है। श्री मनमोहन साहू का मृत्यू दिनांक 15.09.2019 हो जाने के कारण मृतक खातेदार के पत्नि श्रीमती ममता साहू पति स्व.श्री मनमोहन साहू के नाम इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 6067 दिनांक 04.10.2024 के नाम पर नामांतरण किया गया है। वर्तमान में श्रीमती ममता साहू पति स्व.श्री मनमोहन साहू, निवासीः- रजकट्टी, जामगांव, तहसील-राजिम, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती राजकुमारी देवांगन पति श्री मधेश देवांगन, निवासीः- वार्ड नं. 18, ग्राम-मडेली, तहसील-भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन. ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर-29, में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक-ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट, प्रथम-तल-12/108, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,
रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)



Health Town

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टुला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ैप
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
9659 455 455
हमारे स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा

डॉ. मनोज अग्रवाल
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलिगो/ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मुआवजे दिलाने की मांग कलेक्टर के नाम ज्ञापन

**रायपुर।** पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने सोमवार को फिर से चरोदा के किसानों के साथ धरसींवा पहुंचकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही पीड़ित किसानों ने अपनी आपबीती बताकर सिंचाई विभाग की घोर लापरवाही के संबंध में जानकारी दी। किसानों को तहसीलदार धरसींवा ने आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द निरीक्षण कराकर फसल की क्षतिपूर्ति की राशि देने की बात कही। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा ने बताया कि चरोदा के किसानों के साथ प्रभावित किसानों के खेत में पहुंचकर किसानों से जानकारी ली। ज्ञापन देने वालों में कन्हैया यादव, तारकेश्वर वर्मा, साहिल खान, रामप्रताप वर्मा, तारकेश्वर वर्मा, संजय वर्मा, मोहन साहू, अनवर बेग, दाऊराम धीवर, खेदूराम यादव, पूरनलाल साहू, डॉ. जिवराखन वर्मा आदि शामिल थे।

### नियमों को ताक पर रखकर एयरपोर्ट पर खुली शराब दुकान

**रायपुर।** शराबबंदी करने का वादा करने वाली भाजपा सरकार स्वामी विवेकानंद परिसर को भी नहीं छोड़ रही है। सालभर में कोई काम नहीं किया, जगह-जगह शराब दुकान खोलने में कोई कमी नहीं कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल दुबे, ब्राह्मण समाज के हिमांशु तिवारी, किसान मोर्चा के दाऊ जीपी चंद्राकर, दीनदयाल वर्मा, जागेश्वर प्रसाद, वेगेंद्र सोनबेर, लालाराम वर्मा, चेतन देवांगन, महेंद्र कौशिक, छन्नू साहू, नंदकुमार साहू, विमल ताम्रकार, बृजबिहारी साहू, गणपति पटेल, अशोक कश्यप, दशरथ सिन्हा, चूड़ामणि पटेल, परसराम ध्रुव, जगदंबिका साहू, हेमसागर पटेल, डेविड चंद्राकर, नाथूराम सिन्हा ने कहा है कि स्वामी विवेकानंदजी के नाम से रायपुर का एयरपोर्ट है। वहां मुख्यमंत्री ने निजी लाभ के लिए सभी नियमों को ताक पर रखकर परिसर में शराब बिक्री केंद्र खुलवाया है। वहां भी शराब रेस्टोरेंट खोलने का लाइसेंस दिया जाए, एयरपोर्ट से अधिक लाभ होगा। यह सरकार अपनी ही कब्र खोद रही है।

### जिले से बॉडी बिल्डर की चयन स्पर्धा कल



**रायपुर।** उज्जैन में 1 दिसंबर को वेस्टर्न इंडिया बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप के लिए रायपुर जिले से बॉडी बिल्डर का चयन 20 नवंबर को ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम लाखेनगर चौक में रात्रि 8.30 बजे रखा गया है। रायपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव मानिक ताम्रकार ने बताया कि इस चयन प्रतियोगिता में रायपुर जिले के सभी बॉडी बिल्डर महिला पुरुष भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता विभिन्न वजन वर्गों के आधार पर किया जाएगा।

# धान खरीदी के लिए समितियों को 220 करोड़ से अधिक की राशि जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर


छत्तीसगढ़ में धान बेचने वाले किसानों को समय पर भुगतान के लिए मार्कफेड द्वारा राज्य की समितियों को 220 करोड़ 4 लाख 35 हजार से अधिक की राशि जारी कर दी गई है। अपैक्स बैंक के माध्यम से सभी 33 जिलों की समितियों को उनके बैंक खाते में राशि सोमवार को भेज दी गई है। भेजी गई राशि में प्रासंगिक व्यय और धान खरीदी के लिए प्रावधान किया गया है।

धान खरीदी 14 नवंबर से शुरू हुई। तीन दिन अवकाश के बाद सोमवार को फिर से धान की खरीदी सभी समितियों में हुई। पहले दिन 14 हजार से अधिक किसानों ने धान बेचा था। समितियों के खाते में राशि अंतरण के बाद अब इन किसानों के खाते में राशि का अंतरण कर दिया जाएगा। समितियों में राशि आहरण के लिए ''माइक्रो एटीएम'' की व्यवस्था भी दी जा रही है, जिससे कि किसानों को सुविधा हो। किसानों द्वारा समिति में धान विक्रय के 72 घंटे के भीतर राशि किसानों के बैंक खाते में अंतरित कर दी जायेगी।

## समितियों के बैंक खाते में मार्कफेड ने किया अंतरण

### खरीदी की लिमिट तय

धान खरीदी को लेकर मार्कफेड ने समितियों में खरीदी की लिमिट तय की है। उसके तहत ही छोटे और सीमांत किसानों को अधिकतम दो टोकन और बड़े किसानों को तीन टोकन दिए जाएंगे। किसानों का धान खरीदी से पहले पंजीकृत किसानों की एंट्री का मिलान किया जा रहा है, जिसमें रकबा और बी-1 अनुसार खरीदी की मात्रा तय होगी। धान खरीदी की प्रक्रिया बिना किसी परेशानी के पूरी करने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।



### बोगस खरीदी रोकने बनी टीम

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल के निर्देश पर धान रिसाइकलिंग बोगस खरीदी पर नियंत्रित करने के लिए अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय टीम द्वारा राज्य के अलग अलग संभागों में जिला कलेक्टरों के साथ संभाग स्तर पर विशेष कार्ययोजना बनाई गई है। धान खरीदी केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर भी चस्पा कर दिये गये हैं। विपणन संघ मुख्यालय स्तर पर शिकायत निवारण के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना भी की गई है।

### 8 लाख बारदाने की जरूरत

धान खरीदी के लिए कुल 8 लाख गठान बारदाने की जरूरत होगी। समितियों में धान की सुरक्षा और अन्य उपायों को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं खरीदी के साथ धान के उठाव और रखरखाव के संबंध में पूरी जानकारी समितियों को देनी होगी। मार्कफेड द्वारा इसके लिए 4.02 लाख गठान नए बारदाने जूट कमिश्नर के जरिए खरीदी की है। साथ ही पीडीएस और पुराने बारदाने के माध्यम से खरीदी की जा रही है। सभी समितियों में धान की तौलाई के बाद बारदाने में भरकर रखा जा रहा है।

## निगम ने दो बार शासन को भेजा प्रस्ताव, मगर नहीं मिला बजट

# 8 साल में नाला कटाव से हुआ 40 फीट चौड़ा फंड नहीं मिलने से रिटेलिंग वॉल निर्माण रुका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर शहर में कई नालों का कायाकल्प निगम और स्मार्ट सिटी ने मिलकर करवाया है। वहीं आउटर क्षेत्र दलदल सिवनी नाले के आसपास की बसाहट कई सालों से जलभराव की समस्या से जूझ रही है। राहत दिलाने के लिए निगम और जोन के जिम्मेदारों ने 8 साल में दो बार सर्वे किया और रिटेलिंग वॉल व कवर्ड नाला के लिए प्रस्ताव बनाया। पहली प्लानिंग फेल होने के बाद दूसरी बार जोन के जिम्मेदारों ने शासन को 1.07 करोड़ का प्रस्ताव भेजा।

दो साल में फंड नहीं मिलने से नाला अब तालाब का स्वरूप ले चुका है। इसकी बदबू से लोग परेशान हैं। राजधानी के आउटर इलाके में जहां तेजी से बसाहट बढ़ रही है, वहीं जिम्मेदार पानी निकासी की समस्या से राहत देने के लिए की गई प्लानिंग को बजट के अभाव में आकार नहीं दे पाए हैं। दलदल सिवनी नाले का कटाव तेजी बढ़ रहा है। इसके चलते नाले के आसपास की कॉलोनियों व बस्तियों में रहने वाले लोगों को नाले की वजह से हर साल परेशानी होती है। इससे नाले का पानी कॉलोनियों व बस्तियों में भरता है। इसके बाद भी नाले का निर्माण विगत 8 साल से फंड के अभाव में रूका है।



### ठंडे बस्ते में प्रोजेक्ट

सूत्रों ने बताया कि 6 साल पहले डेढ़ किलोमीटर लंबा और 10 फीट चौड़ा नाला बनवाने के लिए निगम ने 3.78 लाख का प्रस्ताव बनाया था। यह प्रोजेक्ट फेल होने के बाद दो साल पहले 800 मीटर लंबा और 10 फीट चौड़ा नाला बनाने के लिए एक करोड़ सात लाख का प्रोजेक्ट बना, लेकिन मंजूरी नहीं मिलने से वह ठंडे बस्ते में चला गया है।



### अभी तक फंड ही नहीं मिला

रीटेलिंग वॉल और कवर्ड नाला बनाने के लिए एक करोड़ से ज्यादा का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। अभी तक मंजूरी नहीं मिलने से आगे कार्रवाई नहीं हुई है। प्रोजेक्ट को लेकर किसी प्रकार का दिशा-निर्देश भी नहीं मिला है।

- **संतोष कुमार पांडेय,** आयुक्त-जोन-9, नगर निगम, रायपुर

### बजट का कर रहे इंतजार

लोग कर रहे नाला बनवाने मांग करीब दो साल पहले जोन के जिम्मेदारों ने अविवा गार्डन के पास बनवाई गई पुलिया से द्वारिका विहार तक कवर्ड नाला बनाने सर्वे के बाद प्रस्ताव दिया है। इसके बाद से जिम्मेदार बजट का इंतजार कर रहे हैं। जबकि हर साल द्वारिका विहार, अविवा गार्डन क्षेत्र, पोल्ट्री फार्म क्षेत्र , दया नगर, ग्रीन गार्डन क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बनती है। वार्ड के लोग पार्षद सुशीला धीवर के पास नाला बनवाने फिर मांग लेकर पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि नाले का कटाव बढ़ने से कॉलोनी में रहने वाले बदबू से परेशान हैं। समस्या सुलझाने अब कलेक्टर से भी बात करूंगी।

# एमडी-एमएस की मुख्य परीक्षा के बीच छुट्टी नहीं, जूनियर डाक्टरों ने दर्ज कराई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ छह से नौ जनवरी के बीच लगातार पेपर, तैयारी नहीं हो पाने का हवाला

मेडिकल कालेजों में स्नातकोत्तर विषय के परीक्षा टाइम टेबल पर आपत्ति आने लगी है। मेडिकल कालेजों में पढ़ने वाले जूनियर डाक्टरो ने डीन के पास शिकायत की है कि इस टाइम टेबल के हिसाब से उन्हें पढ़ने का मौका नहीं मिलेगा। आयुष विवि द्वारा छह से नौ जनवरी के बीच लगातार चारों पेपर लेने का टाइम टेबल जारी किया गया है।

पंडित दीनदयाल स्मृति आयुष एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा एमडी-एमएस की मुख्य परीक्षा के लिए पिछले दिनों समय-सारिणी घोषित की गई है। टाइम टेबल के अनुसार सभी विभाग के चारों पेपर लगातार छह दिन में आयोजित किया जाएगा। टाइम टेबल आने के बाद चिकित्सा छात्रों में इसे लेकर चिंता का दौर शुरू हो गया है। उनके द्वारा सीजी डाक्टर फेडरेशन एवं जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के बैनरतले सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं को पत्र भेजकर इसके आपत्ति दर्ज कराई जा रही है। विद्यार्थियों का कहना है कि मुख्य परीक्षा के दौरान प्रत्येक पेपर के बीच विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई सहित अन्य तैयारी करने का वक्त दिया जाना आवश्यक है। अभी जिस तरह की समय-सारिणी जारी की गई है, उसके हिसाब से विद्यार्थियों को समय नहीं मिल पाएगा और वे अपने थ्योरी पेपर की तैयारी नहीं कर पाएंगे। उन्होंने सभी चिकित्सा महाविद्यालयों के डीन से निवेदन किया है कि परीक्षा टाइम टेबल पर आपत्ति की जाए।

### 15 दिसंबर से आवेदन

चिकित्सा स्नातकोत्तर की परीक्षा के लिए महाविद्यालयों में आवेदन जमा करने की तिथि 15 दिसंबर निर्धारित की गई है। चिकित्सा छात्र 12 हजार रुपए शुल्क से साथ बीस दिसंबर तक आवेदन कर पाएंगे। इसके बाद संबंधित कालेज 22 दिसंबर तक विश्वविद्यालय में आवेदन जमा कर सकेंगे। आवेदन करने से चूकने वाले विद्यार्थियों को इसके बाद 25 दिसंबर तक विवि में परीक्षा आवदेन जमा करने का वक्त दिया गया है। इसके लिए उन्हें प्रतिदिन दो सौ रुपए के हिसाब से शुल्क जमा करना होगा। आवेदन की प्रक्रिया ऑफलाइन के माध्यम से पूरी की जाएगी।

# आदिवासी अंचल में 77 हजार घर होंगे बिजली से रोशन

■ 8,091 किलोमीटर लंबी लाइन, लगेंगे 2217 ट्रांसफॉर्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



आदिवासी अंचलों में बिजली से वंचित रह गए घरों में बिजली पहुंचाने के लिए 3 विशेष योजनाओं के माध्यम से 77,292 घरों में बिजली पहुंचाने की कार्ययोजना बनाकर उस पर अमल प्रारंभ किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की इस कार्ययोजना में दो योजनाएं केंद्र सरकार की हैं तथा एक योजना छत्तीसगढ़ शासन की है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 426 करोड़ से अधिक लागत की इन योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्रता से करने के निर्देश दिए हैं। वहीं छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष रोहित यादव ने तीनों योजनाओं की प्रगति की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग की व्यवस्था की है।

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा-अभियान (पीएम जनमन) के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की अति पिछड़ी 7 जनजातियों के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रिड से विद्युतीकृत गांवों के 7,077 घरों में बिजली पहुंचाने के लिए 37 करोड़ 60 लाख की लागत से कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 1,087 बसाहटों में 363.24 किलोमीटर 11 केवी लाइन, 267 नग 25 केवीए क्षमता के वितरण ट्रांसफॉर्मर तथा 650 किलोमीटर से अधिक निम्नदाब लाइनें बिछाई जा रही हैं। पीएम जनमन के तहत अभी तक 4,500 घरों में बिजली पहुंचाई जा चुकी है।



■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 426 करोड़ से अधिक लागत की इन योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्रता से करने के निर्देश दिए

■ पीएम जनमन के तहत अभी तक 4,500 घरों में बिजली पहुंचाई जा चुकी है

### 323 करोड़ की मंजूरी

प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान की घोषणा हाल ही में की गई है जिसके अंतर्गत 919 गांवों के 65,711 अविद्युतीकृत घरों में बिजली पहुंचाने के लिए 323 करोड़ 63 लाख की कार्ययोजना को स्वीकृति मिली है। जिसके अंतर्गत 6,863 बसाहटों में 1889.56 किलोमीटर लाइनें, 25 केवीए क्षमता के 1950 वितरण ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए जाएंगे तथा 5,188 किलोमीटर से अधिक निम्नदाब लाइनें बिछाई जाएंगी। आदिवासी बहुल गांवों में बिजली पहुंचाने में सबसे बड़ी समस्या वहां के सघन वन क्षेत्र होते हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सुरक्षाबलों की तैनाती केंद्र तथा राज्य शासन द्वारा की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा नियद नेल्लानार योजना प्रांरभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 24 सुरक्षा कैम्पों के 5 किलोमीटर के दायरे में 96 गांवों में घरों को रोशन करने की कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारंभ किया गया है। एमडी डिस्ट्रीब्यूशन भीमसिंह कंवर द्वारा नियमित तौर पर क्रियान्वयन की समीक्षा की जा रही है।


## बिजनेस साइट

### श्री बालाजी गारमेंट सेल में भारी डिस्काउंट, विंडशीटर जैकेट 399 रुपए में, सेल को मिल रहा अच्छा रिस्पांस



**रायपुर।** गढ़कलेवा के पास राजभवन गेट नंबर-3 के सामने स्थित गुरु तेगबहादुर हॉल में श्री बालाजी रेडीमेड विंटर गारमेंट सेल चल रही है, जिसे रायपुरियंस से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। यहां ब्रांडेड वूलन कपड़े होलसेल रेट पर उपलब्ध हैं, जिससे खरीदारों को बेहतरीन सौदे मिल रहे हैं। श्री बालाजी सेल के संचालक सूर्या यादव ने बताया कि सेल में अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड की जैकेट्स, जिनकी मार्केट प्राइस 4000 से 5000 रुपए तक है, केवल 499 से 999 रुपए तक में मिल रही हैं। इसके अलावा, 3000 से 4000 रुपए कीमत वाले ब्लेजर्स (लेडीज और जेंट्स) मात्र 299 रुपए में उपलब्ध हैं। 1000 से 2000 रुपए मूल्य वाले लेडीज स्वेटर्स और कार्डिगन्स भी महज 99 और 149 रुपए में बेचे जा रहे हैं। बच्चों के वूलन जैकेट्स, स्वेटर, लोवर और टी-शर्ट्स भी आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध हैं। विंडशीटर पैराशूट जैकेट्स केवल 399 रुपए में उपलब्ध हैं।

### डॉ. जयवर्धन ने अंगोला अफ्रीका में पेश की चिकित्सा सेवा की नई मिसाल, 15 जटिल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी




**रायपुर।** ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल के डायरेक्टर और प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. जयवर्धन सिंह ने हाल ही में दक्षिण-पश्चिम अफ्रीका के अंगोला स्थित हॉस्पिटल जेरल डी कबिंडा का दौरा कर चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश की। डॉ. जयवर्धन ने वहां 15 जटिल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक की, जिनमें से सभी मामलों में पहले किए गए उपचार असफल हो चुके थे। अंगोला के वन्हा समुदाय की अद्वितीय शारीरिक संरचना और जटिल मामलों के बावजूद, डॉ. जयवर्धन ने अपनी विशेषज्ञता और समर्पण से इन सर्जरी को न केवल सफल बनाया, बल्कि मरीजों के जीवन में नई उम्मीदें भी जगाईं। डॉ. जयवर्धन ने इस अनुभव के बारे में कहा कि हमारा मिशन असाधारण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है, जिसमें करुणा और उत्कृष्टता का समावेश हो।


### कलिंगा विवि में ड्रोन कैमरा प्रशिक्षण एवं फोटोग्रॉफी स्पर्धा कल

KALINGA UNIVERSITY

**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा 20 नवंबर को एक दिवसीय ड्रोन कैमरा प्रशिक्षण एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर में सुबह 10 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक होगा। ड्रोन कैमरा संचालन कार्यशाला में रीलॉन एयर प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर के सह-संस्थापक और निदेशक अभिनंदन तिवारी द्वारा प्रतिभागियों को ड्रोन कैमरा संचालन का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाएगा।

वहीं फोटोग्राफी प्रतियोगिता में नवोदित फोटोग्राफरों के लिए अपनी रचनात्मकता और कहानी कहने की कला को निखारने का बेहतरीन अवसर है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। यह कार्यक्रम सभी के लिए खुला है।

### स्वास्थ्य शिविर में 200 ने कराई जांच, रक्तदान भी



**रायपुर।** इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेस-2 में ओजस मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल द्वारा रविवार को रक्तदान एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 लाभार्थियों ने निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श का लाभ उठाया एवं 15 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान भी किया। इसके लिए गुड होप ब्लड सेंटर के डॉ. धनंजय प्रसाद, हरीश और टीम ने आवश्यक सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम में सहयोगी संस्थान एएसजी आई हॉस्पिटल से पूरी टीम जिसमें दिव्या, दीपेश, शोभाराम, ज्ञानचंद ने लाभार्थियों का नेत्र परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। इस शिविर में डॉ. समीर सोनकर, डॉ. मो. शहरयार खान और पंकज के अलावा ओजस मल्टी हॉस्पिटल टीम सहित मनोज निषाद और शिब्बू तथा स्त्री रोगविशेषज्ञ डॉ. दीपिका बेले ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।















02
युवा भी अब चाहते हैं आदर्श विवाह...

## लाइव इवेंट

## बाघ बचाओ बाइक रैली में 1300 किमी की यात्रा करेंगे 40 राइडर्स



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में वन्यजीव संरक्षण और टाइगर के प्राकृतिक आवास को संरक्षित करने जागरूकता संदेश देने के उद्देश्य से 22 से 24 नवंबर तक एक बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत रायपुर के नंदनवन जंगल सफारी से होगी, जिसमें 40 बाइक राइडर्स हिस्सा लेंगे। यह राइड रायपुर के नंदनवन जंगल सफारी से शुरू होकर पहले दिन कवर्धा होते हुए अचानकमार टाइगर रिजर्व तक जाएगी। दूसरे दिन राइडर्स गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के माध्यम से मैनपाट पहुंचेंगे और अंतिम दिन गोमर्डा वन्यजीव अभयारण्य होते हुए बार नवापारा वन्यजीव अभयारण्य में यात्रा समाप्त होगी। इस यात्रा के दौरान राइडर्स लगभग 1300 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल, नंदनवन जंगल सफारी, भोरमदेव वन्यजीव अभयारण्य, अचनाकमार टाइगर रिजर्व, गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व, गोमर्डा वन्यजीव अभयारण्य और बार नवापारा वन्यजीव अभयारण्य के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस बाइक रैली का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की जैव विविधता, विशेषकर बाघ संरक्षण के प्रति जागरूकता एवं छग के पर्यटन को बढ़ावा देना है।

**छग पर्यटन बोर्ड, वन विभाग एवं 40 राइडिंग क्लब का संयुक्त आयोजन**

### बॉलीवुड अभिनेता अनिल चरणजीत भी होंगे शामिल

बॉलीवुड अभिनेता अनिल चरणजीत, जिन्होंने सूर्यवंशी और सिंह इज ब्लिंग जैसी फिल्मों में अपनी प्रतिभा दिखाई है। वे इस बाइक राइड में शामिल होकर टाइगर संरक्षण के इस अभियान को और प्रभावी बनाने में सहयोग करेंगे। अनिल चरणजीत का कहना है कि टाइगर संरक्षण हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन के लिए बेहद जरूरी है। मैं इस पहल का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूं।

### 1 दिसंबर को हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की ओर से राजधानी में होगी मैराथन दौड़

# मैराथन में बच्चे-युवा, महिलाओं, बुजुर्गों का होगा अद्भुत संगम, धावकों ने कहा- स्वस्थ रहने मिलकर दौड़ेंगे हम

जीवन में अगर लंबी उम्र तक स्वास्थ्य रहना चाहते हैं तो रोजाना दौड़ना जरूरी है। प्रदेश के सबसे प्रतिष्ठित अखबार दैनिक हरिभूमि और टीवी चैनल आईएनएच न्यूज राजधानी में भव्य मैराथन का आयोजन करने जा रहा है, जिसमें दौड़ को लेकर बच्चे-युवा, महिलाओं और दिव्यांगों समेत बुजुर्गों का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। इस मैराथन से जुड़कर आप भी सेहतमंद शरीर बनाने के साथ लोगों को जागरूक भी कर सकते हैं।





**सभी वर्ग के लोग लेंगे हिस्सा**

*प्रतियोगिता में किसी भी वर्ग के धावक शामिल हो सकते हैं। प्रतियोगी **ironlife.in** पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। मैराथन के लिए हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की टीम जुटी हुई है। मैराथन का प्रारंभ 1 दिसंबर को राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव से होगा। मैराथन में प्रदेशभर के खिलाड़ी शामिल होंगे। इसमें स्कूल के साथ कॉलेज के विद्यार्थी और ओपन वर्ग के खिलाड़ी भी भाग लें सकेंगे। प्रदेश के धावक लगातार पंजीयन करा रहे हैं। सभी धावकों को प्रतियोगिता के लिए टी-शर्ट मुफ्त दी जाएगी। इसी के साथ पदक और प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे।*

### इस तरह करा सकते हैं पंजीयन

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रतिभागियों को पंजीयन कराना जरूरी है। इसके लिए **iron-life.in** जाकर अपने नाम व पते से संबंधित जानकारी देने होगी। इसके बाद पंजीयन नंबर आपको प्राप्त हो जाएगा। 10 किलोमीटर की एक दौड़ सुबह 6.30 बजे शुरू होगी और दूसरी 5 किलोमीटर की दौड़ 7 बजे से होगी।

**रायपुर।** मैराथन में दो वर्ग दस और पांच किलोमीटर की दौड़ के रखे गए हैं। दोनों वर्गों में पहले स्थान पर आने वाले पुरुष और महिला प्रतियोगी को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। जहां दस किलोमीटर के विजेताओं को 50-50 हजार रुपए नकद मिलेंगे, वहीं पांच किलोमीटर के वर्ग के विजेताओं को 25-25 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। हरिभूमि ने मैराथन को लेकर प्रदेश के धावक खिलाड़ियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि राजधानी में लंबे समय के बाद दौड़ लगाने के लिए उत्सुक हैं। बस्तर से लेकर सरगुजा और गरियाबंद समेत अन्य वनक्षेत्रों से धावक ने मैराथन में हिस्सा लेने को लेकर सहमति जताई है। उनका कहना है कि दौड़ने से न केवल शरीर स्वस्थ होता है, बल्कि कई बीमारियों से भी बच जाते हैं। धावकों ने बताया कि साथियों के साथ दौड़ में हिस्सा लेंगे। मैराथन के जरिए लोगों को रोजाना दौड़ को अपने जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित करेंगे।

### दिव्यांग भी लगाएंगे मैराथन में दौड़

मैराथन में दिव्यांग भी दौड़ लगाते हुए अपनी प्रतिभा से लोगों को स्वस्थ शरीर का संदेश देते हुए नजर आएंगे। बिलासपुर निवासी दिव्यांग सविता बंजारे ने बताया कि प्रदेश में होने वाले सभी मैराथन में हिस्सा लेती रही हूं। इस मैराथन में मेरा मकसद परिवारों को साथ दौड़ने और स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित रहेगा। पर्यावरण और फिटनेस जैसी अहम चीजों को लेकर जागरूकता फैलाने की मुहिम से लोगों को जोड़ने का प्रयास करूंगी। एक खिलाड़ी होने के नाते हम जानते हैं कि फिटनेस को प्राथमिकता देना कितना महत्वपूर्ण है। ऐसे में जब आपको इस प्रकार की पहल का समर्थन करने का मौका मिलता है तो आप इसे ना नहीं कर सकते।

### शारीरिक क्षमता का करेंगे प्रदर्शन

बस्तर के धावक वेदिका नेताम का कहना है कि प्रतियोगिता हर कोई भाग नहीं ले पाता, लेकिन मैराथन दौड़ उन लोगों के लिए सुनहरा अवसर है, जो रोजाना सुबह दौड़ लगाते हैं। मैराथन में हर आयुवर्ग को दौड़ने का मंच मिलने वाला है। इस मैराथन में बस्तर के युवा भी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि बीते दिनों हुई दौड़ में सर्वाधिक लोग आदिवासी थे। ऐसा ही नजारा हरिभूमि समूह और आईएनएच न्यूज की मैराथन में देखने को मिलेगा। धावक ने कहा कि लोग इस दौड़ से स्वस्थ शरीर बनाने बनाने को लेकर नई शुरुआत कर सकते हैं। राजधानी में भी दौड़ के जरिए लोगों को शारीरिक क्षमता और फिटनेस व खेल से जोड़ेंगे।

## सिटी इवेंट

## देशभर में फैलेगी अब छत्तीसगढ़ी अचार, बड़ी-बिजौरी की महक




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों की महक और स्वाद अब देशभर में फैलने जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के फूड प्रोसेसिंग एवं टेक्नॉलॉजी विभाग ने स्थानीय व्यंजनों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से एक विशेष पहल की है। इस पहल के तहत परंपरागत अचार, बड़ी और बिजौरी जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों को न केवल तैयार किया जाएगा, बल्कि आकर्षक पैकेजिंग के जरिए देश के कोने-कोने तक पहुंचाने का भी प्रयास किया जा रहा है। मुख्य लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ी अचार, बड़ी और बिजौरी को इस तरह से प्रस्तुत किया जाए कि देश के हर कोने तक इसकी खुशबू पहुंचे। इसके लिए हमारे छात्र-छात्राएं और प्राध्यापक विशेष पैकेजिंग तकनीकों पर काम कर रहे हैं, ताकि गुणवत्ता के साथ-साथ स्थानीय पहचान भी बनाए रखी जा सके।

**सर्दियों के मौसम में तैयार होंगे पारंपरिक व्यंजन, बाजार में उतारने की योजना**

### स्थानीय सामग्री और पारंपरिक विधियों का उपयोग

*पारंपरिक स्वाद का खास महत्व है, खासकर सर्दियों के मौसम में इनका निर्माण और खपत ज्यादा होती है। यही वजह है कि इस सीजन में इन्हें तैयार कर नए साल के अवसर पर बाजार में उतारने की योजना बनाई जा रही है। इन उत्पादों को तैयार करने में स्थानीय सामग्री और पारंपरिक विधियों का उपयोग किया जाएगा, जिससे इनके स्वाद और गुणवत्ता में छत्तीसगढ़ी मूल तत्व बरकरार रहेगा। फूड प्रोसेसिंग विभाग के प्रध्यापक का कहना है कि इस प्रयास से छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण का भी लाभ मिलेगा। वे विभिन्न व्यंजनों की पैकेजिंग और मार्केटिंग के पहलुओं को समझने का मौका पाएंगे। इससे न केवल उनकी व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि होगी, बल्कि उनके रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इस पहल के तहत छात्रों को विशेष पैकेजिंग तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि उत्पाद की गुणवत्ता को संरक्षित किया जा सके और ग्राहकों के बीच इसे आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जा सके।*

## किसी व्यक्ति के दिमाग में आपराधिक प्रवृत्ति जानवरों पर क्रूरता से होती है शुरू

**रायपुर।** विशेषज्ञों के अनुसार, किसी व्यक्ति के भीतर आपराधिक प्रवृति की शुरुआत होती है तो वह मूक पशुओं पर क्रूरता दिखाता है। ऐसा करना में उसे मजा आता है और उसकी हिम्मत बढ़ती है, जिससे गंभीर अपराध को अंजाम देता है। यातायात पुलिस मुख्यालय में पशुओं पर होने वाली क्रूरता के प्रति संवेदनशीलता एवं पशु संरक्षण कानून विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसएसपी संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी आईयूसीएडब्लू ममता देवांगन की उपस्थिति में आयोजित कार्यशाला में सौ अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



क्रुएल्टी रिस्पांस लीगल एडवाइजर एंड एसोसिएट डायरेक्टर पेटा इंडिया के मीत आसर, एवं मैनेजर ऑफ वीगन प्रोजेक्ट डॉ. किरण आहूजा द्वारा इस विषय पर बिंदुवार जानकारी दी गयी। मीत आसर ने बताया कि किसी व्यक्ति के दिमाग में आपराधिक प्रवृत्ति पनपती है तो सबसे पहले वह जानवरों पर क्रूरता करता है। बेजुबान जानवर भी हमारी सामाजिक और प्राकृतिक इको सिस्टम का अभिन्न हिस्सा है, अतः उनका संरक्षण हमारा दायित्व है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ममता देवांगन ने बताया कि विभिन्न जीवों के प्रति संवेदनशीलता किसी व्यक्ति का स्वाभाविक गुण है। इस नाते हमें पशु संरक्षण, पशु संबंधित कानूनों का गंभीरतापूर्वक पालन करना चाहिए।

### कानूनी प्रक्रिया की जानकारी भी

कार्यशाला में पशु के प्रति क्रूरता की शिकायतें प्राप्त होने पर अपनाई जाने वाली कानूनी प्रक्रिया, पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम के लिए पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के प्रासंगिक प्रावधान, पशुओं को ले जाते समय क्रूरता, काम करने वाले तथा प्रदर्शन में उपयोग किए जाने वाले पशुओं के प्रति क्रूरता, पशु वध और मांस की दुकान में क्रूरता, पशुधन के प्रति क्रूरता, वन्यजीवों के प्रति किए जाने वाले अपराध, पशुओं के व्यापार संबंधित प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

## चूड़ी और माचिस की तीलियां से सजाया एक मिनट का गेम शो



**रायपुर।** 'एक मिनट गेम' हो तो लुत्फ़ लेने में कोई पीछे नहीं रहता। चूड़ी और माचिस के उपयोग पर महिलाओं ने दिलचस्प एक मिनट गेम खेला। इसमें महाराष्ट्र मंडल के सड्डू- मोवा महिला केंद्र की टीम ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। दिवाली मिलन पर आयोजित इस गेम ने आयोजन को काफी रोचक बना दिया। शंकर नगर बाल वाचनालय प्रभारी रेणुका पुराणिक ने बताया कि महाराष्ट्र मंडल के नए और 16वें महिला केंद्र में सामाजिक कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। इसी क्रम में दिवाली मिलन कार्यक्रम अवनि एवेन्यू के क्लब हाउस में आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं के लिए एक मिनट गेम शो का आयोजन हुआ। इस खेल में महिलाओं को एक चूड़ी और माचिस की तीलियां दी गईं थी। हाथ में एक लुडो वाला पासा था। पासा फेंकने पर जितने नंबर आते, माचिस की उतनी तीलियां चूड़ी के अंदर डालनी थी। जिसने सबसे ज्यादा चूड़ियां डाली, वह गेम का विजेता रहा।

### राजधानी के फर्नीचर व बर्तन व्यावसाय से जुड़े लोग ग्राहकों का समय बचाने दे रहे जोर

# शादी के लिए अब हर सामान की पैकेजिंग का क्रेज बाजार में एक ही छत के नीचे उपहार के सभी सामान

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** मार्केट में इन दिनों व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के बीच ग्राहकों को बेहतर सुविधा के साथ उनका समय बचाने के लिए घर पहुंच सेवा देने का क्रेज भी तेजी से बढ़ रहा है। एक समय था, जब बेटे या बेटी की शादी के लिए महीनेभर पहले से ही परिवार के लोग तैयारी में जुट जाते थे। अब जेब में पैसा हो तो सारी तैयारी दो दिन में हो जाती है। ऐसा इसलिए संभव होने लगा है, क्योंकि घरेलू फर्निचर से लेकर होम मेड तक सारी सामग्री एक ही छत के नीचे मिलने लगी है। कुछ लोग तीन शॉप में ही शादी के सभी साजों-सामान एक ही दिन में लेने पहुंच जाते हैं। नौकरी पेशा लोग हो या व्यापारी, सभी कम समय में घर की जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहते हैं। वे समय व पैसा दोनों बचाना चाहते हैं। इसे देखते हुए दुकानदार भी पैकेजिंग करने लगे हैं। इससे उन्हें अच्छा रिस्पॉस भी मिल रहा है।





### इलेक्ट्रानिक सामानों की हर रेंज

पंडरी के कारोबारी सुनील नामदेव ने बताया कि एलईडी टीवी, वाशिंग मशीन, फ्रीज, कुलर, एसी, मिक्शर ग्राइडर जैसे सामानों को कंपनी क्वॉलिटी के लिहाज से एक से डेढ लाख में पैकेजिंग करके घर पहुंचाकर देते हैं। एक साथ सामान की खरीदी के लिए आने वाले लोग हमारे दूसरे शॉप से फर्निचर के सामान जैसे सोफा, पलंग, सेंटर टेबल, डायनिंग सेट और कुर्सी भी खरीदते हैं। इसे सामान्य रेंज में लेने पर 60 हजार में भी उपलब्ध कराते हैं। जब अच्छी क्वालिटी ग्राहक मांगते हैं, तो फिर उनके बजट के मुताबिक पैकेजिंग में छूट का भी प्रावधान किया जाता हैं।

### हर सामान पैकेजिंग क्वॉलिटी बेस

मसाला बाक्स, परात, कड़ाही, लोटा, थाली, प्रेशर कुकर, गैस चूल्हा किचन सामग्री की पैकेजिंग इस सीजन में दुकानदारों ने ग्राहकों के लिए करना शुरू किया है। इस तरह की व्यवस्था बनाने से ग्राहक का समय तो बचता ही है, साथ ही उन्हें खरीदी पर छूट भी दी जाती है। इसके बारे में किशोर साहू ने बताया कि शहर में मोवा, शंकर नगर में भी शॉप हैं। जहां हम लोगों को बेहतर सामान डिमांड के तहत ही उपलब्ध कराते हैं। इस तरह की व्यवस्था सामानों की संख्या, कंपनी क्वॉलिटी बेस होते हैं। किचन सामग्री 40 हजार से एक लाख तक सामान्य डिमांड पर देते हैं।



**धर्म लाइव**

## नदियों-तालाबों की सफाई का कुनबी समाज ने उठाया बीड़ा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कुनबी समाज महासंगठन द्वारा पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 17 नवंबर को मदकूद्वीप में स्वच्छता अभियान चलाया गया। 'कुनबी समाज के अध्यक्ष रंजीत भाऊ मुनेश्वर के नेतृत्व में इस अभियान में रायपुर, बिलासपुर, भाटापारा, चरोदा सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों से कुनबी समाज के सैकड़ों सदस्य सोमवार को रायपुर से प्रातः बस द्वारा मदकूद्वीप के लिए रवाना हुए। बीजेपी के वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने ने सुबह 8 बजे बस को अभियान की सफलता की मंगलकामना के साथ छत्रपती शिवाजी के चित्र का सामाजिक भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे पंजीयन और टी-शर्ट वितरण से हुआ।

### अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं

अभियान के दौरान मदकू द्वीप के विभिन्न हिस्सों की सफाई कर प्लास्टिक कचरा और अन्य अपशिष्ट पदार्थ हटाए गए। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के महत्व पर चर्चा की गई। अभियान के दौरान उपस्थित सदस्यों ने मदकूद्वीप के साथ-साथ अन्य स्थानों के नदियों, तालाबों के आसपास के क्षेत्रों को भी स्वच्छ बनाने व रखने का संकल्प लिया। स्वच्छता कार्य के उपरांत सभी प्रतिभागियों के लिए समाज की ओर से भोजन की व्यवस्था की गई। कुनबी समाज के अध्यक्ष रंजीत भाऊ मुनेश्वर ने कहा कि यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का एक बड़ा कदम है। आने वाले समय में भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।

**सिटी लाइव**

## लेखा परीक्षा सप्ताह शुरू, सरकार और जनता के बीच बनेगा विश्वास का सेतु



**रायपुर।** भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग सरकार और जनता के बीच विश्वास का एक सेतु है, जो सुनिश्चित करता है कि हर संसाधन का सदुपयोग हो तथा हर निर्णय समाजहित में हो। राज्यपाल रमेन डेका ने प्रधान महालेखाकार कार्यालय में लेखा परीक्षा सप्ताह का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। लेखा परीक्षा दिवस 22 नवंबर से एक सप्ताह तक आयोजित किया जाएगा। महालेखाकार कार्यालय के आवासीय परिसर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री डेका ने कहा कि लेखा परीक्षा केवल सरकारी व्यय और राजस्व की जांच तक सीमित नहीं है। यह प्रशासनिक पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन और जनसेवा में उत्तरदायित्व का एक सशक्त माध्यम है। भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने में इस विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### आधुनिक उपकरणों और तकनीकी दक्षताओं से लैस होना जरूरी

राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग का इतिहास गौरवशाली रहा है। यह न केवल सरकारी कार्यों में वित्तीय अनुशासन लाने का कार्य करता है, बल्कि भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को रोकने का महत्वपूर्ण दायित्व भी निभाता है। इस विभाग के अधिकारियों की निष्पक्षता और कर्मठता ने इसे एक सशक्त संस्थान के रूप में स्थापित किया है। राज्यपाल ने तेजी से बढ़ते हुए तकनीकी युग में लेखा परीक्षा की प्रक्रिया में भी नवाचार की आवश्यकता बताते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया के तहत बढ़ती ई-गवर्नेंस और डिजिटलीकरण के चलते लेखा परीक्षकों को आधुनिक उपकरणों और तकनीकी दक्षताओं से लैस होना जरूरी है। इससे न केवल काम की गति तेज होगी, बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

**समाज इवेंट**

## 21 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए बनाई रूपरेखा, निशुल्क होगा संस्कार महोत्सव

**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में गायत्री परिवार बोरियाखुर्द एवं संतोषीनगर के परिजनों द्वारा 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक बोरियाखुर्द रायपुर के खेल मैदान में



21 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं निशुल्क संस्कार महोत्सव का आयोजन किया गया है, जिसमें पुंसवन, नामकरण, मुंडन, कर्णछेदन, विद्यारंभ, दीक्षा, यज्ञोपवीत, विवाह इत्यादि विविध संस्कार निशुल्क संपन्न होंगे। इसके लिए पूर्व पंजीयन आवश्यक होगा। कार्यक्रम की रूपरेखा तथा कार्ययोजना पर चर्चा के लिए रविवार को गायत्री प्रज्ञापीठ संतोषी नगर में बैठक हुई, जिसमें क्षेत्रवासी व वरिष्ठ गायत्री परिजन शामिल हुए। बैठक में गायत्री परिवार के जिला समन्वयक लच्छूराम निषाद और आयोजन समिति से ऋषि साहू ने बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन 29 को दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे के मध्य सद्गुरु ज्ञानगंगा शोभायात्रा एवं भव्य गंगाजल कलश यात्रा, कलश स्थापना, आद्य शक्ति, युग शक्ति पर संगीत व प्रवचन, प्रसाद वितरण होगा।

### तुलसी वर्षा के साथ बताया भागवत का जीवन में महत्व



**रायपुर।** प्रोफेसर कॉलोनी सेक्टर 2 में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में सोमवार को गीता हवन तुलसी वर्षा सहस्त्रधारा व शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरार तुलसी वर्षा व जीवन में श्रीमद्भागवत महापुराण के महत्व बारे में बताया गया। तुलसी वर्षा के दौरान भगवान के भजन में श्रोता झूम उठे। कथावाचक ने बताया कि भागवत कथा ऐसा अमृत है जितना भी पान किया जाए मन तृप्त नहीं होता है।

● राजधानी में अब आदर्श विवाह का युवाओं में क्रेज, निशुल्क शादी कराने समाज भी करेंगे आयोजन

# युवा भी अब चाहते हैं आदर्श विवाह, समाज भी उनको सरोकार से जोड़ने निभा रहा दायित्व

**रायपुर।** समय के साथ युवाओं की सोच ही नहीं बल्कि सरोकार से जुड़ने को लेकर रूझान बढ़ा है। इसका असर अब सामाजिक स्तर पर होने वाले आदर्श विवाह में भी देखने को मिलने लगा है। विभिन्न समाज के युवा भी अब आदर्श विवाह करना चाहते हैं। इसे देखते हुए हर समाज के लोग उनमें आ रहे इस बदलाव को तवज्जों देने के लिए सामुहिक शादी को बड़े स्वरूप में करने के लिए मीटिंग करके तैयारी करते हैं, ताकि युवाओं की आदर्श विवाह को लेकर बढ़ती रुचि में किसी तरह की कसर न रहने पाए। इससे उनके परिवार पर शादी का बढ़ने वाला खर्च भी कम करने में समाज के लोग भी सहयोग करने के लिए आगे आने लगे है। इस बार भी आदर्श विवाह की धूम इस सीजन में बढ़ने वाली है।

### दिसंबर में लिया जाएगा निर्णय

समाज के युवा अब आदर्श विवाह की ओर रूझान करने लगे हैं। राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह के रायपुर दक्षिण के सचिव आईके ठाकुर ठाकुर ने बताया कि दिसंबर में महासभा से जुड़ी प्रदेश की 37 उप समितियों की बैठक होती है। इसमें आदर्श विवाह के लिए रूपरेखा तैयार की जाती है। हर साल अलग-अलग उप समिति क्षेत्र में आदर्श विवाह स्थल तय होते हैं। इसमें समिति से जुड़े लोगों को तय रिश्ते को लग्न मंडप से जोड़ने को लेकर निर्णय लिया जाता है। इसमें समाज के लोग और युवा भी सहभागिता निभाते हैं। इस बार भी आयोजन होगा।



### हल्दी-कुमकुम के बाद तैयारी

हर साल महाराष्ट्रीयन तेली समाज के द्वारा अश्वनी नगर में 14 फरवरी को मकर संक्राती के बाद पड़ने वाले संडे को हल्दी-कुमकुम का आयोजन किया जाता है। समाज के मीडिया प्रभारी विजय वंजारी ने बताया कि इस बार भी इस आयोजन के दौरान समाज में तय रिश्तों को आदर्श विवाह का हिस्सा बनाने की तैयारी करेंगे। इसमें समाज से जुड़े परिवार ही नहीं बल्कि समाज के युवा भी अब सामाजिक क्षेत्र से जुड़ने और आदर्श विवाह में रुचि लेने लगे हैं। इस बार भी अप्रैल में आदर्श विवाह के लिए पहल की जाएगी। इसका निर्णय समाज के द्वारा लिया जाएगा।



### 51 जोड़े का विवाह कराने तैयारी

बदलते समय के साथ अब समाज के युवा भी आदर्श विवाह में रुचि लेने लगे हैं। इसे देखते हुए मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भी उन्हें सरोकार से जोड़ने का दायित्व निभाता है। केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने बताया कि 22-23 फरवरी को होने वाले महाधिवेशन के दिन ही आदर्श विवाह का आयोजन किया जाता है। इस बार रायपुर राज में होने वाले महाधिवेशन के दिन ही जिन बेटे-बेटियों का रिश्ता पहले से तय है, उनका आदर्श विवाह समाज की मौजूदगी में होगा। इस बार समाज ने 51 जोड़े का आदर्श विवाह करवाने का लक्ष्य एवं तैयारी की है।

### परिवार के साथ युवा आने लगे

युवा मंच मानिकपुरी पनिका समाज के संरक्षक प्रितम दास मानिकपुरी ने बताया कि समाज परिचय सम्मेलन तो नहीं करता है। इसके बाद भी जिन युवाओं के रिश्ते परिवार के द्वारा तय किए जाते हैं। ऐसे युवा हर साल आदर्श विवाह करने के लिए समाज के निःशुल्क वैवाहिक आयोजन में शामिल होने के लिए प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्र से आते हैं। वर-वधू पक्ष को महादेव घाट स्थित कबीर भवन में रहने की सुविधा दी जाती है। इसके साथ ही जोड़े की संख्या के मुताबिक शहीद स्मारक या पं.दीनदयाल ऑडिटोरियम में आदर्श विवाह करवाया जाता है।

### दिसंबर के बाद ही तय होगी तिथि

24 नवंबर को साहू समाज के भवन में शहर जिला साहू संघ के द्वारा परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। अब घर के लोग ही नहीं बल्कि युवा भी समाज से जुड़ने लगे हैं। सम्मेलन में युवक-युवती का बायोडाटा तैयार करने के बाद सामाजिक पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है। इसके बाद जिन परिवारों के बीच विवाह के लिए सहमति बन जाती है। उनसे मिलने वाली सूचना के आधार पर अप्रैल में आदर्श विवाह का आयोजन किया जाता है। संघ के मीडिया प्रभारी अश्वनी साहू ने आगे बताया कि तैयारी मार्च से समाज के द्वारा शुरू की जाती है।

## बच्चों की मटरगश्ती....











**रायपुर।** ठंड के शुरू होते ही अब शहर के गार्डन फिर से बच्चों की मटरगश्ती से गुलजार हो चुके हैं। मौज-मस्ती करने के लिए बच्चे पालकों के साथ अब गार्डन पहुंच रहे हैं। सुबह-शाम पार्क में लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है। शहर के प्रमुख गार्डन में बच्चों को खेलते-कूदते देखा जा सकता है। कोई गोल झूले का आनंद ले रहा है तो कोई फिसलपट्टी का। गार्डन में नए झूले व फिसलपट्टी से बच्चे अपना मनोरंजन कर रहे हैं।



## स्वच्छता तो होटल में भी मिल जाएगी लेकिन पवित्रता सिर्फ मंदिर में मिलेगी



श्री दूधाधारी मठ महोत्सव में स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य के उद्गार

**रायपुर।** भगवान अपनी सेवा से उतने खुश नहीं होते, जितना भक्तों की सेवा से होते हैं। अगर सेवा करनी है तो भक्तों की करो। संत, महात्माओं की सेवा करो। व्यक्ति का गुण ही उसे महान बनाता है। साधु वह है, जिसमें साधुता होती है। राजा को नीतिज्ञ होना चाहिए।यह बात सोमवार को दूधाधारी मठ में रामकथा सुनाते हुए अयोध्या धाम से आए स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने कही। जिस राजा को नीति का ज्ञान नहीं होता, वह नष्ट हो जाता है। ऊंचे पद पर बैठे हो तो चापलूसों से बचना चाहिए। विपक्षी की बातों को सुनकर ही कोई निर्णय लें, वह राष्ट्रहित में होना चाहिए।

### तन धारण करना सार्थक हो गया

जिसे भगवान रघुनाथ और माता सीता प्रिय नहीं, उसका त्याग कर देना चाहिए। माता कैकेयी ने राम, सीता को वनवास दिया तो महाराज भरत ने उसे माता कहना ही बंद कर दिया। स्वच्छता होटल में भी मिल जाएगी, लेकिन पवित्रता मंदिर और आश्रम में ही होती हैं। जीवन के कितने दिन बचे हैं, कहना कठिन है, लेकिन दो दिन निश्चित हैं, एक वह दिन, जिस दिन हमारा जन्म होता है और दूसरा वह दिन, जिस दिन मृत्यु होती है। जीवन में अगर भक्ति मिल जाए और संसार से विदा होते समय अंत में राम का नाम मुख में आ जाए तो समझ लेना कि मनुष्य का तन धारण करना सार्थक हो गया। मंच पर राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज भी विराजमान थे।

तीन मुमुक्षु अरिहंत बुरड़, नीलेश मेहता और निकिता कटारिया सांसारिक जीवन का करेंगे त्याग


# 12 व्रतों के जरिए श्रावक-श्राविकाओं ने अंतरायों को गलाने का लिया संकल्प, आज से शुरू होगा भगवती दीक्षा महोत्सव

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में मंगलवार सुबह 12 व्रत और पुदगल वोसराने की क्रिया की गई। इस मौके पर लोगों ने 12 व्रतों पर का पालन करते हुए अपने भीतर के अंतरायों को गलाने की संकल्प लिया। आत्मशुद्धि की यह क्रिया तकरीबन एक घंटे तक चली। इस दौरान समाजजनों ने श्रीफल, अद्वात, नैवेद्य समेत अन्य द्रव्यों से विशेष पूजा की। यह अनुष्ठान गुरुवर श्री विलय कुशल मुनि और श्री विराग मुनि के पावन सानिध्य में संपन्न कराया गया। आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख, महासचिव नरेश बुरड़ और कोषाध्यक्ष अनिल दुग्गड़ ने बताया कि दादाबाड़ी में







23 नवंबर को ऐतिहासिक दीक्षा महोत्सव होने जा रही है। इसमें तीन मुमुक्षु अरिहंत बुरड़, नीलेश मेहता और निकिता कटारिया सांसारिक जीवन का त्याग कर संयम जीवन अपना लेंगे। इनकी भगवती दीक्षा का 5 दिवसीय महोत्सव मंगलवार से श्री जैन दादाबाड़ी में शुरू होने जा रहा है। पहले दिन सुबह 8 बजे पाठ बिठाई, हल्दी की रस्म होगी। 11 बजे से वीर मायरा होगा। दोपहर 2 बजे से दीक्षार्थियों की बहन, बेटियां व बुआ मिलकर मंगल गीत गाएंगी। शाम 7 बजे से सूरत के साहिल दोशी संगीत और मुंबई के दीक्षित ओसवाल संयम संवेदना प्रस्तुत करेंगे।

### उपधान में समझ आया वैराग्यकाल

अरिहंत बुरड़ रायपुर के हैं। रिंगरोड के पास वॉलफोर्ट सिटी में घर है। दुर्ग में डेंटल कॉलेज चलाते हैं। अभी 26 साल के हैं। वैराग्यकाल 10 वर्ष का है। वैसे तो 12वीं तक शिक्षा हासिल की है, लेकिन धार्मिक शिक्षा में राई देवसी प्रतिक्रमण, जीव विचार, नव तत्व, कर्म ग्रंथ की जानकारी रखते हैं। उपधान (बीसड़) जैसी बड़ी तपस्या कर चुके हैं। वर्तमान में वर्षी तप कर रहे हैं।

### धन का कभी नहीं रहा मोह

बाड़मेर से आए दूसरे मुमुक्षु नीलेश मेहता अभी 27 साल के हैं। उनका वैराग्यकाल 7 साल का है। बीकॉम तक पढ़ाई की है। 7 बार पालीताणा और 3 बार गिरनार नवाणु यात्रा करने के अलावा उपधान तप कर चुके हैं। वर्तमान में वर्षी तप जारी है। तीसरी मुमुक्षु 29 साल की निकिता कटारिया हैं। वे राजस्थान के पाली की रहने वाली हैं। बीकॉम, सीएस फाउंडेशन की पढ़ाई की है। 6 साल का वैराग्यकाल है। 11 उपवास, सिद्धि तप, 7 अठाई, 6 अठम, गिरनार नवाणु यात्रा आंबिल से, शत्रुंजय नवाणु यात्रा जैसी बड़ी तपस्याएं पूरी करने के साथ वर्तमान में वर्धमान तप की ओली और प्रथम उपधान तप कर रहीं हैं।

सिटी स्पोर्ट्स

## रायपुर की दिव्या ईस्ट एशिया म्यू थाई चैंपियनशिप खेलने जाएंगी हांगकांग



**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त संस्था आईएफएमए की भारत मे मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया द्वारा सीनियर महिला-पुरूष (18 वर्ष से ऊपर) वर्ग की ईस्ट एशिया म्यू थाई चैंपियनशिप हांगकांग में भाग लेने 13 खिलाड़ियों और दो अधिकारियों वाले 15 सदस्यीय भारतीय म्यू थाई दल की घोषणा की गई। गर्व का विषय है कि भारतीय दल में 05 महिला खिलाड़ियों में रायपुर (छग) से 45किलो वजन वर्ग में एक महिला खिलाड़ी कु दिव्या अग्रवाल और भारतीय म्यू थाई दल के मैनेजर रायपुर के ही अमन यादव चयनित किये गए है।

यह जानकारी देते हुए राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि भारतीय म्यू थाई दल 27 नवंबर 2024 को नई दिल्ली से हांगकांग के लिए रवाना होगा। उल्लेखनीय हैं कि ईस्ट एशिया म्यू थाई चैंपियनशिप का आयोजन 28 नवंबर से 01 दिसंबर 2024 तक हॉंगकॉंग में किया जा रहा है। ईस्ट एशिया म्यू थाई चैंपियनशिप, हॉंगकॉंग में महिला वर्ग की प्रतियोगिता 45किग्रा, 48किग्रा, 51किग्रा, 54किग्रा और 60किग्रा वर्ग में खेली जाएगी वहीं पुरूष वर्ग की प्रतियोगिता 48किग्रा, 51किग्रा, 54किग्रा, 57किग्रा, 60किग्रा, 63.5किग्रा, 67किग्रा और 71 किग्रा वजन वर्ग में होगी। उक्त अंतरराष्ट्रीय आयोजन में प्रत्येक वजन वर्ग के विजेता खिलाड़ी को 600 यूएस डॉलर और उप विजेता को 300 यूएस डॉलर का नगद इनाम भी दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत ही गर्व की बात है कि भारतीय दल में चयनित 08 पुरुष और 05 महिला खिलाड़ियों में रायपुर के सुप्रसिद्ध व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता श्री अजय अग्रवाल की सुपुत्री उभरती राष्ट्रीय मार्शल आर्ट्स खिलाड़ी कु दिव्या अग्रवाल छत्तीसगढ़ से एक मात्र चयनित खिलाड़ी हैं। भारतीय दल के मैनेजर के रूप में नियुक्त अमन यादव भाजपा कला एवँ खेल प्रकोष्ठ के सह प्रभारी है एवँ देवेंद्र नगर स्थित विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी और फिटनेस क्लब के संचालक भी है।

छग के सुप्रसिद्ध मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक दल्लीराजहरा के सेंसई लखन कुमार साहू के शिष्य अमन यादव विगत 10 वर्षों से रायपुर में अध्ययन करते हुए छात्र राजनीति में सक्रिय रहे और वर्तमान में रायपुर में मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण लखन कुमार साहू और अनीस मेमन के निर्देशन में कर रहे हैं।

हांगकांग जाने वाली खिलाड़ी कु दिव्या अग्रवाल, अमन यादव की ही शिष्या है जिनकी मार्शल आर्ट्स में म्यूथाई, कराते, कलारिपयात्तु सहित अनेक खेलों में अत्यन्त रुचि है। इस तरह गुरु - शिष्या एक साथ अधिकारी और खिलाड़ी के रूप में हांगकांग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। अपने वजन वर्ग में दो बार की राष्ट्रीय मार्शल आर्ट्स चैम्पियन कु दिव्या अग्रवाल राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक जीत चुकी है और लगातार राष्ट्रीय आदि मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिताओं में उभरती खिलाड़ी रूप में अनवरत सक्रिय हैं।

## के.आर. लॉ कॉलेज ने 80 रन से जीता अपना पहला मैच



**रायपुर।** इंटर कॉलेज ड्यूस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता में कौशलेंद्र राव विधि महाविद्यालय की टीम ने शासकीय महाविद्यालय सकरी की टीम को 80 रन से शिकस्त दी। यह मैच 12 ओवर का खेला गया था। इसमें पहली बैटिंग करने उतरी के. आर. लॉ कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 130 रन की एक मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसका पीछा करने के लिए उतरी टीम शासकीय महाविद्यालय सकरी ने केवल 49 रनों प्र ही सिमट गई। इस पूरे मैच में के. आर. लॉ कॉलेज के महान स्पोर्ट टीचर बाजपेई एवं सक्रिय महाविद्यालय के खिलाड़ी कप्तान रूपेश, आलोक, हिमांशु, अमन, अभिजीत, अभय शाहरुख, आकाश, शैलेंद्र, राहुल, नितिश, राजेश, सुरज, राहुल आदि खिलाड़ी मौजूद रहे।

### बदलते मौसम में सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार जैसी समस्याएं हो जाती हैं आम

# बदलते मौसम में इन घरेलू नुस्खों से रखें सेहत का खास ख्याल और रहें फिट

*मौसम के बदलाव का सीधा असर हमारे शरीर और स्वास्थ्य पर पड़ता है। खासकर जब मौसम गर्मी से सर्दी या बरसात से ठंड में बदलता है, तो बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। बदलते मौसम में सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। इसलिए यह जरूरी हो जाता है कि हम अपने शरीर का सही तरीके से ख्याल रखें। यहां कुछ घरेलू उपाय दिए जा रहे हैं,आज इस आर्टिकल में हम आपको कुछ घरेलू उपाय बताएंगे जो बदलते मौसम में आपको फिट और स्वस्थ रखने में मदद करेंगे।*



### सरसों के तेल की मालिश

बदलते मौसम में शरीर में ठंडक और थकान महसूस हो सकती है। इससे बचने के लिए सरसों के तेल से मालिश करना एक बेहतर उपाय है।

**गुनगुना पानी :** बदलते मौसम में ठंडे पानी की बजाय गुनगुना पानी पीना चाहिए। यह पाचन को बेहतर बनाता है और शरीर में जमा टॉक्सिन को बाहर निकालता है।

### तुलसी और अदरक का काढ़ा पीएं

तुलसी और अदरक का काढ़ा सर्दी-जुकाम और गले की खराश में बहुत लाभकारी होता है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करते हैं।

### हल्दी वाला दूध

हल्दी में एंटीसेप्टिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो बदलते मौसम में शरीर को संक्रमण से बचाने में मदद करते हैं।

### हर्बल चाय का सेवन

बदलते मौसम में हर्बल चाय का सेवन शरीर को ऊर्जा देता है और इम्यूनिटी को बढ़ाता है। तुलसी, इलायची, अदरक, काली मिर्च, और लौंग से बनी हर्बल चाय बेहद लाभकारी होती है।

### भाप लेना

बदलते मौसम में सर्दी और जुकाम से बचने के लिए भाप लेना बहुत फायदेमंद होता है। यह बंद नाक और गले की सूजन को कम करता है।

### आंवला का सेवन करें

आंवला विटामिन सी का प्रमुख स्रोत है, जो प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करता है। यह शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करता है।

### भरपूर नींद लें

बदलते मौसम में शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, इसलिए जरूरी है कि रोजाना 7-8 घंटे की नींद लें। इससे शरीर का इम्यून सिस्टम मजबूत होता है और बीमारियों से लड़ने की ताकत मिलती है।

### विटामिन सी युक्त फलों का सेवन

बदलते मौसम में विटामिन सी युक्त फलों जैसे संतरा, नींबू, और मौसमी का सेवन करना फायदेमंद होता है। ये फल शरीर को संक्रमण से बचाते हैं और इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं।

### भीगे हुए बादाम खाएं

बादाम में मौजूद पोषक तत्व शरीर को गर्म रखने में मदद करते हैं। रात भर पानी में भिगोए हुए बादाम सुबह खाने से शरीर की ऊर्जा बढ़ती है और ठंड से लड़ने की क्षमता में वृद्धि होती है।

## रोज खाली पेट खाएं लौंग, स्वास्थ्य को मिलेगा लाभ, ये बीमारियां रहेंगी दूर

भारतीय रसोई में उपयोग किए जाने वाले मसाले न केवल स्वाद बढ़ाते हैं बल्कि हमारी सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं। लौंग भी ऐसे ही एक महत्वपूर्ण मसाले के रूप में जाना जाता है, जो अपने अद्भुत स्वाद और सुगंध के कारण कई प्रकार के व्यंजनों में डाला जाता है। लौंग को आमतौर पर गरम मसाले के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसे खाली पेट खाने से आपके शरीर को कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं? आइए जानते हैं कि रोज खाली पेट लौंग खाने से कौन-कौन से फायदे हो सकते हैं।

**लिवर हेल्थ बेहतर :** लौंग के सेवन से आपके लिवर की सेहत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। खाली पेट लौंग खाने से यह लिवर को डिटॉक्सीफाई करने में मदद करता है, जिससे शरीर के विषाक्त पदार्थ बाहर निकलने में मदद मिलती है। यह लिवर की कार्यप्रणाली को भी बेहतर बनाता है और शरीर की प्राकृतिक डिटॉक्सीफिकेशन प्रक्रिया को सपोर्ट करता है।



### ओरल हेल्थ में सुधार

लौंग में एंटी-बैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं, जो मुंह में मौजूद बैक्टीरिया और कीटाणुओं से लड़ने में मदद करते हैं। यह मुँह की बदबू को कम करने, मसूढ़ों को स्वस्थ रखने और दांतों को मजबूत करने में भी सहायक है। नियमित रूप से लौंग का सेवन आपके ओरल हेल्थ को बेहतर बना सकता है।

### पाचन स्वास्थ्य को बेहतर बनाएं

अगर आप चाहते हैं कि आपका पाचन तंत्र बेहतर काम करे, तो रोजाना खाली पेट लौंग खाएं। लौंग में ऐसे यौगिक पाए जाते हैं जो पाचन एंजाइमों के उत्पादन को नियंत्रित करते हैं, जिससे पाचन प्रक्रिया सुधरती है। यह गैस्ट्रिक समस्याओं, अपच और कब्ज जैसी परेशानियों को कम करने में मदद कर सकता है।

## आंवला विटामिन सी से भरपूर, किसी भी रूप में खाएं फायदा ही करेगा

### रोजाना खाली पेट 1 आंवला खाने से दूर होती हैं ये बीमारियां

आंवला आयुर्वेदिक चिकित्सा में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसे स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है, खासकर अगर इसे खाली पेट खाया जाए। आंवले में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो शरीर को विभिन्न बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। आइए जानते हैं कि रोजाना खाली पेट 1 आंवला खाने से कौन-कौन सी बीमारियों से निजात पाई जा सकती है।




**इम्यूनिटी मजबूत**

आंवला इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। इसमें मौजूद विटामिन सी शरीर को वायरस और बैक्टीरिया से लड़ने की ताकत देता है। रोजाना सुबह आंवला खाने से आपकी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होती है, जिससे सर्दी, खांसी और फ्लू जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।

**पाचन तंत्र मजबूत:** आंवला में फाइबर की उच्च मात्रा होती है, जो पाचन को बेहतर बनाता है। यह पेट से संबंधित समस्याओं जैसे कब्ज, गैस और एसिडिटी में राहत देता है। खाली पेट आंवला खाने से पाचन क्रिया में सुधार होता है और शरीर के विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं।


**ब्लड शुगर नियंत्रित :** आंवला डायबिटीज के मरीजों के लिए भी फायदेमंद साबित होता है। इसमें मौजूद क्रोमियम ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करता है और शरीर में इंसुलिन की संवेदनशीलता को बढ़ाता है। खाली पेट आंवला खाने से शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव नहीं होता।



## मॉर्निंग वॉक करते समय कुछ बातों का नहीं रखा ध्यान तो घुटनों पर पड़ेगा बुरा असर

सुबह की सैर को सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। यह न केवल आपको तरोताजा महसूस कराती है, बल्कि वजन कम करने, दिल की सेहत सुधारने और मानसिक शांति पाने में भी मदद करती है। लेकिन अगर इसे सही तरीके से न किया जाए, तो यह फायदेमंद होने के बजाय आपके घुटनों और जोड़ों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। खासकर घुटनों पर ज्यादा दबाव पड़ सकता है, जिससे घुटने खराब हो सकते हैं। इसलिए, सुबह की सैर करते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखना जरूरी है। आइए जानते हैं वे बातें जिनका ध्यान रखना घुटनों को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है।

**सही जूते का चयन करें :** सुबह की सैर करते समय सही जूते पहनना बेहद जरूरी है। अगर आप सही तरीके से सपोर्ट देने वाले जूते नहीं पहनते, तो आपके घुटनों पर अधिक दबाव पड़ सकता है, जिससे दर्द और समस्याएं पैदा हो सकती हैं। हमेशा ऐसे जूते पहनें, जो आपके पैर और एड़ी को सही तरीके से सपोर्ट करें और घुटनों पर कम से कम दबाव डालें।



**सपाट सतह पर चलें :** मॉर्निंग वॉक के लिए रास्ते का चयन करते समय ध्यान दें कि वह सपाट हो। ऊबड़-खाबड़ और असमान सतह पर चलने से आपके घुटनों पर अनावश्यक दबाव पड़ सकता है, जिससे घुटने जल्दी खराब हो सकते हैं। बेहतर होगा कि आप पार्क, सड़क या अन्य सपाट जगहों पर ही सुबह की सैर करें।

**सही चलने की मुद्रा अपनाएं :** सही तरीके से चलना बहुत जरूरी है। जब आप चलते हैं, तो आपके शरीर का सारा भार घुटनों पर पड़ता है। अगर चलने की मुद्रा गलत है, तो घुटनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। इसलिए चलते समय अपनी पीठ सीधी रखें, कंधे रिलैक्स रखें, और घुटनों को धीरे-धीरे झुकाकर कदम उठाएं। इससे घुटनों को आराम मिलेगा और दर्द से बचाव होगा।

### अत्यधिक वजन न उठाएं

मॉर्निंग वॉक के दौरान अगर आप अपने साथ भारी बैग या अन्य वजन लेकर चलते हैं, तो इससे आपके घुटनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। यह घुटनों के खराब होने का एक बड़ा कारण बन सकता है। इसलिए मॉर्निंग वॉक के समय हल्के वजन के साथ चलें और जितना हो सके अतिरिक्त सामान से बचें।

### हाइड्रेशन का ध्यान रखें

सुबह की सैर के दौरान शरीर में पानी की कमी भी घुटनों पर असर डाल सकती है। अगर शरीर में पानी की कमी होती है, तो जोड़ों में लुब्रिकेशन कम हो जाता है, जिससे घुटनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। इसलिए मॉर्निंग वॉक पर जाने से पहले और बाद में पानी जरूर पिएं ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे और घुटनों की सेहत बनी रहे।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

विक्ट्री इलेक्ट्रिक VICTORY
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा, बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
एक बार चार्ज होने पर 100 से 120 किमी. चलती जाएं
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ विक्ट्री इलेक्ट्रिक पर
पॉवर सॉल्यूशन हुण्डई शो रूम के पास, रिंग रोड नं. 1 कुशालपुर, रायपुर (छ.ग)
6263745853 9827129838

CCTV · Biometrics · Fire Safety · Video Conf. · Networking & IT Solutions · Vehicle Traking · Fire Detection · Boom Barrier Gate Automn · Audio Conf · Smart Class Set up · Walky Talky · Smart Interative Panle
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

तकिया रेमंड एक के साथ एक फ्री | चादरे सैट 9x9 425/- | तकिया फूल साईज 160/- जोड़ी | गद्दा सादा 220/- | मैट्रेस लेस 30% से 60% | पुराना गद्दा लाये नया ले जाये
4x6 - 15 किलो 700/-, 850/- गद्दा | फाईबर तकिया 250/- जोड़ी | प्रोट्रेक्टर सभी प्रकार के तैयार कव्हर | लग्जरी मैट्रेस 5, 6, 7, 8 इंच रेडी | सोफा कमबेड कर्म्फटर कबल | तैयार सफेद रूई फाइबर गद्दा
संजय रूई भंडार निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

भामरा गार्डन सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
• KITTY PARTY • ANNIVERSARY • BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

मेन्स वियर मेला BRAND BAZAR INTERNATIONAL BRAND
मानसरोवर
होलसेल से भी कम रेट में ! इससे अच्छा और सस्ता कहीं नहीं !
• जींस • टी-शर्ट • शर्ट • लोअर • बरमूडा
मानसरोवर छत्तीसगढ़ का पहला मेन्स होलसेल हब जहाँ बड़े इंटरनेशनल ब्रांड के
आज ही विजिट करें:
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर
7880002712 7880002704

Gomti THRESHERS किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके · उत्तम धान निकासी · शून्य रखरखाव
6 & 7 फेन पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
बुकिंग प्रारंभ
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


## अरबों में बनी ये फिल्म अब तक नहीं हो पाई रिलीज



एक्शन एडवेंचर और एनिमेशन से भरपूर महंगी फिल्मों की बात करें तो अवतार और एवेंजर सीरीज की मूवी का नाम याद आता है। ऐसे में आप को ये जानकर आश्चर्य होगा कि एक्शन और एडवेंचर से भरपूर जो सबसे महंगी फिल्म है वो तो आज तक रिलीज ही नहीं हो सकी है। बात चौंकाने वाली है लेकिन सच है। ऐसी एक फिल्म को बनाने की शुरुआत की थी चीन के एक रईस रियल एस्टेट एजेंट जॉन जियांग ने। जॉन जियांग इतनी बड़ी फिल्म बनाना चाहते थे जो अवतार जैसी फिल्मों को मात दे सके और सालों साल उसका नाम याद रखा जाए। पैसों की कमी नहीं थी, इसलिए बड़े स्टार्स से संपर्क करना शुरू कर दिया। लेकिन. उनकी ये तमन्ना कभी पूरी नहीं हो सकी। वीकिपीडिया के अनुसार, तो जॉन जियांग की इस फिल्म का नाम था एम्पायर्स ऑफ द डीप। इस फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार करने में ही चार साल का समय लग गया। दस से ज्यादा राइटर्स ने मिलकर फिल्म के लिए चालीस ड्राफ्ट तैयार किए. तब जाकर फिल्म पर काम शुरू हो सका। ये तय हुआ कि ये फिल्म पानी के अंदर की दुनिया की कहानी ही कहेगी। ये साफ था कि फिल्म का काफी हिस्सा पानी के अंदर ही शूट होगा।

### टॉलीवुड

## साउथ की लेडी सुपरस्टार की फिल्म का एक्शन भरा टीजर



नयनतारा साउथ ही नहीं अब बॉलीवुड की भी बेहतरीन स्टार बन गई हैं। उन्होंने जवान से बॉलीवुड में कदम रखा और उसके बाद से हर किसी की फेवरेट बन गई हैं। उनकी एक्टिंग इतनी शानदार है कि कोई भी उनकी एक फिल्म देख ले तो उनका फैन बन जाता है। नयनतारा की फिल्म रक्कई का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में वो ऐसे एक्शन करती नजर आ रही हैं कि उनके सामने पुष्पा और केजीएफ भी पानी भरते नजर आएंगे। नयनतारा लेडी सुपरस्टार हैं। जिस तरह से वो एक्शन करती नजर आ रही हैं उनका ये अंदाज देखकर आप चौंक जाएंगे। वो अकेले 50-100 लोगों से लड़ती नजर आ रही हैं। ऐसे लोगों को काट रही हैं जिसे देखकर हर कोई चौंक जाएगा। रक्कई टीजर की शुरुआत एक बच्चे के रोने से होती है। बच्चा रो रहा होता है। उसके बाद नयनतारा मिर्ची पीसती हैं और बच्चे को दूध पिलाकर चुप कराती हैं। बच्चे के चुप होने के बाद वो उन्हें मारने आ रहे 50-100 लोगों से लड़ने के लिए बाहर चली जाती हैं और एक-एक करके सभी को मारती हैं। उस समय नयनतारा का लुक देखने वाला है। रक्कई टीजर देखने के बाद लोग ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- नयन ऑन फायर। वहीं, दूसरे ने लिखा- ये एक्सपेक्ट नहीं किया था. नयनतारा यू रॉक्ड।

### भोजपुरी

## 'दशहरा' की लखनऊ में चल रही है शूटिंग, देव सिंह और ऋचा चड्ढा की जोड़ी करेगी धमाल



लखनऊ में इन दिनों भोजपुरी फिल्म 'दशहरा' की शूटिंग जोरों पर है, जिसमें लीड रोल में एक्टर देव सिंह नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ एक्ट्रेस ऋचा दीक्षित हैं, जो उनके अपोजिट नजर आएंगी। देव और ऋचा की जोड़ी पर्दे पर बेहद शानदार लग रही है, जिसे लेकर दर्शकों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। फिल्म में देव सिंह की एक्टिंग को लेकर उनके फैंस के बीच काफी चर्चाएं हैं। देव सिंह के साथ संजय पांडे भी महत्वपूर्ण भूमिका में विलेन के रूप में दिखाई देंगे। देव सिंह ने फिल्म 'दशहरा' को लेकर अपने विचार साझा करते हुए कहा, 'इस फिल्म का किरदार मेरे लिए बेहद खास है। मैंने कई फिल्मों में काम किया है, लेकिन 'दशहरा' की कहानी और इसमें मेरे किरदार में जो शेड्स हैं, वह इसे बाकियों से अलग बनाते हैं। यह रोल एक एक्टर के तौर पर मुझे अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने का अवसर देता है। स्क्रिप्ट में इतने गहरे डायलॉग्स और सीन हैं कि मैं खुद को इस भूमिका में पूरी तरह समर्पित कर सका।' देव ने आगे कहा, 'मैं हमेशा स्क्रिप्ट में अपने किरदार के कुछ खास सीन खोजता हूं, लेकिन 'दशहरा' में तो ऐसा लगा जैसे पूरी कहानी में मेरे किरदार के नए-नए आयाम सामने आते हैं। यह मेरे लिए न केवल चुनौतीपूर्ण रहा है, बल्कि बेहद संतोषजनक भी। मुझे यकीन है कि दर्शकों को फिल्म का संदेश और मेरा अभिनय पसंद आएगा।" देव सिंह इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित हैं और उम्मीद करते हैं कि यह फिल्म दर्शकों के दिलों में जगह बनाएगी और एक नई सोच पैदा करेगी।

## विंटर में ऑफिस के लिए पहनना है कुछ खास

जब सर्दी शुरू होती है, तो बाहरी कपड़ों का संग्रह हर किसी की अलमारी में सबसे बड़ा इजाफा होता है। अक्सर ऐसा होता है कि हम हर वक्त इनके इस्तेमाल से बोर होने लगते हैं। यदि आप साड़ी को स्टाइल करना चाहती हैं, तो यह महत्वपूर्ण है कि आपके पास एक अच्छा, गर्म कार्डिगन हो। इससे आप साड़ी अच्छे से पहन सकेंगी। साड़ी को कार्डिगन के साथ पहनने के लिए सबसे पहले कार्डिगन को अपने ब्लाउज के ऊपर पहनें। अगर आपके पास लंबा कोट या जैकेट है तो आप साड़ी भी पहन सकती हैं। इसके (डिनर साड़ी लुक) के लिए सबसे पहले ब्लाउज पहनें और साड़ी को प्लीट करके पल्ला अंदर रखें। अब ऊपर एक कोट और एक बेल्ट लगाएं। अगर आप लुक को सिंपल रखना चाहती हैं तो साड़ी के ऊपर डेनिम जैकेट पहन सकती हैं। इस तरह आप भी बेहद खूबसूरत लगेंगी. इसके लिए आपको इसे सिंपल तरीके से पहनना होगा जैसे कि साड़ी पहनना और फिर उसके ऊपर डेनिम जैकेट पहनना। बस 10 मिनट में आप तैयार हो जायेंगे.



# सर्दियाँ आते ही बढ़ गया है डैंड्रफ और रूसी का खतरा, तो इस तरह से पाएं छुटकारा

डैंरफ की समस्या सर्दियों के मौसम में हर किसी को होती है लेकिन इस मौसम में सबसे ज्यादा नजर आती है। ऐसा इसलिए क्योंकि बदलता मौसम और हवा के कारण बालों में नमी कम हो जाती है। इसकी वजह से स्कैल्प ड्राई होने लगता है। ऐसे में बालों में डैंड्रफ की समस्या सबसे ज्यादा नजर आती है। इसकी वजह से स्कैल्प सफेद-सफेद लगते हैं। डैंड्रफ की प्रॉब्लम बालों को खराब करती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसकी वजह से खुजली सबसे ज्यादा होने लगती है। साथ ही, रेडनेस होने लगती है। ऐसे में जरूरी है कि आप कुछ गलतियां न करें। इससे आपके बालों में डैंड्रफ की प्रॉब्लम कम हो जाएगी। अगर आप भी इस प्रॉब्लम से परेशान है, तो इसके लिए जरूरी है कि आप कुछ चीजों का खास ध्यान रखें। इससे आप अपने बालों की ड्रैंडफ प्रॉब्लम को कम हो जाएगी।

**स्कैप्ल को न छोड़े ड्राई :** आपके बालों में अगर डैंड्रफ की प्रॉब्लम ज्यादा होने लगी है, तो इसका कारण होता है स्कैल्प को ड्राई रखना। ऐसा इसलिए क्योंकि ड्राई स्कैल्प की वजह से बालों में धूल-मिट्टी ज्यादा होती है। फिर इसके बाद अगर आप बालों को गीला करते हैं, तो



वो वहीं चिपकी रह जाती है। इससे डैंड्रफ होने लगता है। इसकी वजह से बाल खराब दिखने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप बालों को साफ रखने के लिए समय-समय पर वॉश करें। साथ ही, अच्छे से सीरम लगाकर हेल्दी रखें। इससे आपके बालों में डैंड्रफ प्रॉब्लम करेगी।

**सिर को हमेशा कवर करके न रखें :** सर्दियों में ठंड ज्यादा लगती है। इसकी वजह से हम अक्सर अपने बालों को कवर रखते हैं। इसकी वजह से बाल टूटने लगते हैं। साथ ही, बालों में हवा न लगने की वजह से डैंड्रफ भी होने लगता है। ऐसी स्थिति में जरूरी है कि आप अपने बालों को ढककर कम रखें। ऐसा करने से आपके बालों में डैंड्रफ की प्रॉब्लम कम हो जाएगी।

### डैंड्रफ होने पर बालों में न लगाएं तेल

अगर आपके बालों में डैंड्रफ की प्रॉब्लम ज्यादा हो रही है, तो ऐसे में जरूरी है कि आप तेल का इस्तेमाल कम करें। ऐसा इसलिए क्योंकि आप तेल का इस्तेमाल ज्यादा करेंगी, तो डैंड्रफ चिपक जाएगा। इसकी वजह से आपके बालों में हमेशा खुजली रहेगी। फिर सिर पर जख्म बनने लगेंगे। इसके लिए जरूरी है कि आप उस समय बालों में तेल का इस्तेमाल न करें। इससे आपके बालों में डैंड्रफ कम हो जाएगी।

# ट्रेंडी स्टाइल में चाहती हैं दुपट्टा ड्रेप का इस्तेमाल तो फॉलो करें यह टिप्स

फैशन



लड़कियां जब तैयार होती हैं तो अक्सर चाहती हैं कि उनका लुक सबसे अलग या बेहतरीन दिखे। इसके लिए हर ड्रेस को अच्छे से स्टाइल किया जाता है, इयररिंग्स से लेकर सैंडल तक सब मैच किया जाता है। इस समय शादियों का सीजन चल रहा है, ऐसे में अगर आप सूट या लहंगा पहनने की सोच रही हैं तो आज हम आपको दुपट्टा ओढ़ने के अलग और अनोखे तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं। इससे आपका लुक निखर जाएगा. तो आइये जानते हैं दुपट्टा ड्रेपिंग के कुछ स्टाइल।

**केप स्टाइल सबसे ज्यादा ट्रेंड में :** आजकल सबसे ज्यादा ट्रेंड में है केप स्टाइल जैसा दुपट्टा पहनना। केप स्टाइल ब्लाउज, गाउन के साथ-साथ लोग केप स्टाइल दुपट्टा भी कैरी कर रहे हैं, जिससे आप किसी शो स्टॉपर से कम नहीं लगेंगी। केप स्टाइल दुपट्टा कैरी करते समय उसकी लंबाई का ध्यान रखें।

**एक तरफा दुपट्टा लेना :** अगर आप बनारसी सूट पहन रही हैं तो सबसे बेसिक स्टाइल है एक तरफा दुपट्टा लेना। तो आप दुपट्टे को इस तरह स्टाइल कर सकती हैं। अगर आपका दुपट्टा भारी है तो उसे इस तरह से फ्लॉन्ट करना बहुत अच्छा विकल्प है।

**स्टोल की तरह करें कैरी :** अगर आप नहीं चाहतीं कि किसी का ध्यान आपके आउटफिट से हटे तो आप दुपट्टे को स्टोल की तरह भी कैरी कर सकती हैं। अगर आपके दुपट्टे का बॉर्डर हैवी है तो आपका लुक और भी शानदार लगेगा।

**राजकुमारी धनुष :** प्रिंसेस बो दुपट्टा कैरी करने का बेहद स्टाइलिश और मॉडर्न स्टाइल है। दुपट्टे को अपने हाथों में लपेट लें और पीछे की ओर धनुष की तरह बांध लें, इससे आपको दुपट्टे को आसानी से कैरी करने में मदद मिलेगी।

**एक कोट की तरह :** अगर आपका दुपट्टा काफी भारी है तो आप इसे कोट या केप की तरह कैरी कर सकती हैं और बीच में बेल्ट लगाकर इसके लुक को पूरा कर सकती हैं। इसमें आप बेहद स्टाइलिश लगेंगी।

**शॉल की तरह :** आजकल दुपट्टे को शॉल की तरह पहनने का फैशन है। ये लुक काफी एलिगेंट लग रहा है.

# अगर पिंपल ने बिगाड़ दिया है चेहरे का लुक तो आज से ही शुरू कर दें यह काम

शादी का दिन हर लड़की के लिए खास होता है। इस खास मौके पर वह सबसे खूबसूरत दिखना चाहती है लेकिन शादी से पहले ही अगर पिंपल निकल आए तो खूबसूरती पर धब्बा लग सकता है। ऐसे में सही स्किन केयर रुटीन को फॉलो करना जरूरी है। कई बार तो ट्रीटमेंट लेने के बाद भी स्किन से पिंपल नहीं जाते हैं। पिंपल अपने साथ निशान भी छोड़ सकते हैं। अगर आप चेहरे के पिंपल्स से परेशान हैं तो इसके लिए कुछ घरेलू नुस्खे फॉलो कर सकती हैं। आयुर्वेद में ऐसी कई सारी चीजें हैं, जिनकी मदद से आप स्किन पर होने वाले एक्ने से बच जाएंगे। आइए जानते हैं कि कौन सी चीजें स्किन के लिए फायदेमंद हो सकती हैं।

**चंदन का इस्तेमाल :** दुल्हन बनने वाली हैं तो शादी से पहले चंदन का इस्तेमाल करें। इससे न सिर्फ आपकी स्किन ग्लो करती है बल्कि मुहांसे भी दूर होते हैं। बता दें कि चंदन में एंटी-वायरल और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं जो पिंपल्स को दूर करने में मदद करते हैं।



### एलोवेरा जेल

स्किन पर रोजाना एलोवेरा जेल लगाने से स्किन की कई समस्याएं दूर होती हैं। मुहांसे होने पर भी आप एलोवेरा का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें मौजूद एंटी-बैक्टीरियल गुण एजिंग के लक्षणों को भी कम करते हैं। इससे स्किन पर नमी बरकरार रहती है। इसे लगाने से फ्लॉलेस स्किन मिलती है।

### नीम भी फायदेमंद

कील मुहांसे दूर करने के लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट्स में नीम का इस्तेमाल किया जाता है। नीम को आयुर्वेद में बहुत गुणकारी माना गया है। नीम का फेस पैक लगाने से एक्ने की समस्या दूर होगी। नीम में एंटीसेप्टिक, एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो स्किन के बेहद फायदेमंद है।

# कुर्ती पहनते वक्त भूलकर भी न करें यह गलतियां वरना लुक बिगड़ने में नहीं लगेगी देर

कुर्ती लगभग हर लड़की पर खूबसूरत लगती है। फिगर कोई भी हो, सिंपल और एलिगेंट कुर्ती से पूरे लुक को क्लासी बनाया जा सकता है। लेकिन बाकी आउटफिट्स की तरह इसे भी सही तरीके से स्टाइल करना जरूरी है। अगर आप इन स्टाइल गलतियों को दोहराती हैं तो आप कुर्ती पहनकर भी खूबसूरत नहीं दिखेंगी।

फ्लेयर्ड पलाज़ो को कुर्ती के साथ मैच न करें।

अगर आपकी हाइट औसत है और फिगर भी नाशपाती के आकार का है तो शॉर्ट कुर्ती के साथ फ्लेयर्ड प्लाजो मैच करना न भूलें। ये मिक्स एंड मैच आपके लुक को खराब कर सकता है। इससे आपकी हाइट छोटी दिखेगी. साथ



ही आप और भी मोटे दिखेंगे। इसलिए फ्लेयर्ड प्लाजो की जगह कुर्ती के साथ मैच पैंट, सिगरेट पैंट, प्लेन प्लाजो पहनें। जिससे आपकी हाइट पूरी दिखे।

**जींस के साथ कुर्ता मैच करते समय रखें ध्यान :** जींस के साथ कुर्ती मैचिंग का आइडिया सिर्फ कैजुअल लुक में ही अच्छा लगता है। इसलिए हमेशा प्लेन और रेगुलर डिजाइन की कुर्ती को जींस के साथ पेयर करें। जींस के साथ कभी भी भारी कुर्ता या कुर्ती न पहनें। यह न सिर्फ बेमेल दिखता है बल्कि हैवी कुर्ते के साथ जींस का कॉम्बिनेशन खास मौकों पर लुक को डल बना देता है।

**हैवी कुर्ते के साथ मैचिंग बॉटम वियर पहनें :** हैवी कुर्ते के साथ हमेशा मैचिंग बॉटम वियर पहनें। तभी लुक खूबसूरत लगता है।साथ ही जींस को कुर्ते के साथ पेयर करते समय सिर्फ इन दो तरह की जींस ही पहनें- नैरो फिट जींस और क्रॉप फिट जींस। कुर्ती किसी अन्य डिजाइन की जींस के साथ फिट नहीं बैठती और लुक खराब कर सकती है।

कार्नर न्यूज

## रोजाना और हर त्यौहार से थोड़ा अलग लुक भी मिलता है

देवउठनी ग्यारस के साथ ही शादियों के सीजन की शुरुआत हो गई है। ऐसे में अगर शादी अपने घर के किसी सदस्य या फिर खास की हो तो ऐसे में ज्यादातर महिलाएं लहंगा पहनना पसंद करती हैं। इसमें रॉयल और क्लासी लुक मिलता है। रोजाना और हर त्यौहार से थोड़ा अलग लुक भी मिलता है। ऐसे में अगर आप भी शादी में लहंगा पहनने जा रही हैं तो इसमें स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको स्टाइल से जुड़ी कुछ खास बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए। आइए जानते हैं उन लहंगा स्टाइलिश टिप्स के बारे में

# अगर फ्रेंड्स की शादी में पहन रही हैं लहंगा तो स्टाइलिंग के लिए फॉलो करें यह टिप्स



### अपने रंग व शरीर के हिसाब से करें लहंगे का चयन

लहंगा चुनने से पहले ये जानना बहुत जरूरी है कि आपको किस तरह का लहंगा चाहिए। हल्के शेड्स जैसे कि गुलाबी, बेज, लाइट ब्लू, पीच या पेस्टल कलर या गहरे रंग। इसमें आप अपने स्किन टोन के मुताबिक लहंगे के रंग का चयन करेंगे तो ज्यादा सही होगा। अगर आपकी स्किन टोन हल्की है, तो पेस्टल शेड्स और सॉफ्ट कलर्स आपको सूट करेंगे। वहीं अगर आपके रंग गहरा है तो आपको चमकीले रंग जैसे लाल, हरा या मरून बहुत सूट करेंगे। इसके अलावा लहंगे के स्टाइल को अपनी बॉडी टाइप के अनुसार चुनना जरूरी है।

### दुपट्टा स्टाइल

लहंगा को साड़ी की तरह ड्रेप करने से आपको एक पारंपरिक और क्लासिक लुक मिलता है। इसलिए आप स्टाइलिश तरह से लहंगा का दुपट्टा पहनें। जिससे की आपको स्टाइलिश और आकर्षक लुक मिले। आजकल लहंगे के साथ बेल्ट पहनने का ट्रेंड भी है। आप भी एंब्रॉयडरी वर्क लहंगा के साथ मैचिंग की बेल्ट बनवा सकती हैं।

### ब्लाउज डिजाइनदार पहनें

इसी के साथ ही लहंगे के साथ ब्लाउज का डिजाइन सही चुनें। आप हाई नेक ब्लाउज डिजाइन, वी नेक, डीप नेक और स्टाइलिश बैक ब्लाउज डिजाइन सिलवा सकते हैं। इसके अलावा इसमें डोरी और तरह-तरह की स्टाइलिश लटकन लगवा सकती हैं।



### ज्वेलरी और एक्सेसरीज

लहंगा में एलिगेंट और स्टाइलिश लुक पाने के लिए ज्वेलरी का सही चयन करना बहुत जरूरी है। शादी में आप ट्रेडिशनल गोल्ड ज्वेलरी, ब्राइट स्टोन ज्वेलरी, डायमंड स्टाइल और पोलकी स्टाइल ज्वेलरी पहन सकती हैं। नेकलेस, बैंगल्स, कड़ा और चोकर सेट आपके लुक को और निखारने में मदद करते हैं। इसके अलावा आप सिर पर मांग टीका या ब्रेसलेट भी पहन सकती हैं।

### हेयर स्टाइल

लहंगे में स्टाइलिश और एलिगेंट लुक पाने के लिए हेयर स्टाइल का अहम रोल होता है। आप अपने बालों को खुला छोड़ सकती हैं या फिर ढीले कर्ल्स, बने हेयर स्टाइल, गजरा या ब्रेडस के साथ लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं। शादी के मौके पर बालों को अच्छे से सेट करें, ताकि आपका लुक आकर्षक लगे।